प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



सतीश पुनिया क्या पंजाब में अकाली दल को साथ पाएगे? पेज- 2

पेज- 8 अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दंपती घायल

वर्ष : 15 अंक : 241 | रविवार 23 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## सज्जन कुमार पर कांग्रेस नेताओं के बयानों से नाराज सिख समुदाय

### -राहुल गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन

(एजेंसी) नई दिल्ली। 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों और सिख समुदाय से जुड़े नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी राहुल गांधी के 5, सुनहरी बाग रोड स्थित आवास के बाहर पहुंचे और कांग्रेस नेताओं की ओर से पूर्व सांसद सज्जन कुमार के निधन पर दिए गए बयानों को लेकर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ पुतला भी फूंका और कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से सफाई तथा माफी की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए राहुल गांधी के आवास के बाहर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 1984 के दंगों से जुड़े मामले में दोषी ठहराए गए सज्जन कुमार को लेकर कांग्रेस के कुछ नेताओं की टिप्पणियां सिख समुदाय के घावों को फिर से कुरेदने वाली हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कलका और महासचिव जगदीप सिंह कहलोन ने किया। विवाद की शुरुआत सज्जन कुमार के निधन के बाद कांग्रेस नेताओं की ओर से दी गई श्रद्धांजलि संबंधी टिप्पणियों से



हुई। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनके निधन को ऐसी क्षति बताया, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। वहीं कांग्रेस नेता उदित राज ने भी सज्जन कुमार के निधन को पार्टी के लिए बड़ी क्षति बताया और कहा कि उन्होंने विशेष रूप से गरीबों के लिए काफी काम किया था। इन टिप्पणियों को लेकर सिख समुदाय के एक वर्ग में नाराजगी फैल गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 1984 के दंगों से जुड़े मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को लेकर इस तरह की प्रशंसा स्वीकार्य नहीं है। हरमीत सिंह कालका ने कांग्रेस नेतृत्व से स्पष्ट करने की मांग की कि क्या पार्टी 1984 के दंगों के मामले में दोषी ठहराए गए सज्जन कुमार को अपना 'हीरो' मानती है। उन्होंने कहा कि सज्जन कुमार की मृत्यु के बाद कांग्रेस नेताओं की ओर से दिए गए बयान बेहद आपत्तिजनक हैं। कालका ने राहुल गांधी से सीधे सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या सज्जन कुमार उनके लिए भी आदर्श या नायक हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 1984 की घटनाओं के चार दशक से अधिक समय बाद भी प्रभावित परिवारों की पीड़ा समाप्त नहीं हुई है। उनका आरोप है कि ऐसे बयान उन परिवारों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, जिन्होंने लंबे समय तक न्याय के लिए संघर्ष किया है। सिख नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से पूरे मामले पर स्पष्टीकरण देने और प्रभावित परिवारों से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राजनीतिक दलों को ऐसे मामलों में बयान देते समय पीड़ित परिवारों की भावनाओं और न्यायिक प्रक्रिया को ध्यान में रखना चाहिए। उनका कहना है कि सज्जन कुमार की प्रशंसा करने वाले बयानों से यह संदेश गया कि कांग्रेस आज भी 1984 से जुड़े अपने नेताओं के प्रति नरम रुख रखती है। इसी वजह से पार्टी नेतृत्व से स्पष्ट स्थिति बताने की मांग की जा रही है। सज्जन कुमार का गुरुवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल में 80 वर्ष की उम्र में निधन हुआ था। वह दिसंबर 2018 से जेल में बंद थे। उन्हें 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े दो मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। करीब सात साल आठ महीने जेल में रहने के बाद उनका निधन हुआ। हालांकि, दंगों से जुड़े दो अन्य मामलों में उन्हें अदालतों से राहत भी मिली थी। उनके खिलाफ दर्ज मामलों और न्यायिक फैसलों को लेकर लंबे समय तक कानूनी प्रक्रिया चली। सज्जन कुमार के निधन के बाद कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों ने एक बार फिर 1984 के दंगों और उनके राजनीतिक प्रभाव को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। सिख संगठनों का कहना है कि इतने वर्षों बाद भी प्रभावित परिवार न्याय और संवेदनशील राजनीतिक व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। शनिवार के प्रदर्शन के जरिए वैळडब और दंगा प्रभावित परिवारों ने कांग्रेस नेतृत्व को यह संदेश देने की कोशिश की कि 1984 से जुड़े मामलों में दोषी ठहराए गए नेताओं को लेकर किसी भी तरह की महिमामंडित करने वाली टिप्पणी को समुदाय स्वीकार नहीं करेगा। अब नजर कांग्रेस नेतृत्व की प्रतिक्रिया पर है।

## देश में चीनी का भंडार घटा, नौ साल के निचले स्तर पर पहुंचने पर खड़गे ने उठाए सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने त्योहारों से पहले चीनी की कीमत में बढ़ोतरी और देश में



चीनी का भंडार कथित तौर पर कम होने को लेकर केंद्र सरकार पर शनिवार को निशाना साधा और सवाल किया कि ऐसी स्थिति में भी पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ई20) की नीति की समीक्षा क्यों नहीं की जा रही। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह दावा भी किया कि देश में चीनी का भंडार नौ साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है और 10 लाख टन चीनी का शुल्क–मुक्त आयात करने की नौबत आ गई है। उन्होंने सवाल किया, दुनिया के बड़े चीनी उत्पादक और निर्यातक भारत में आज चीनी का भंडार नौ साल के निचले स्तर पर क्यों है? नौबत निर्यात रोकने और 10 लाख टन चीनी का शुल्क–मुक्त आयात करने तक कैसे पहुंच गई? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तीन महीने में चीनी करीब 40 प्रतिशत महंगी हो गई है और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए कि त्योहारों से पहले जनता पर पड़ने वाली इस महंगाई की मार के लिए कौन जिम्मेदार है। खड़गे ने देश में चीनी की कथित कमी के बीच एथेनॉल नीति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि जब सरकार विदेश से चीनी मंगा रही है, तो पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ई20) के लिए गन्ने और अनाज को इस्तेमाल करने की नीति की समीक्षा क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने सवाल किया, ये कैसा आत्मनिर्भर भारत है? खड़गे ने अपनी पोस्ट में कहा, पहले चीनी का उत्पादन घटा, फिर भंडारण नौ साल के निचले स्तर पर पहुंचा, अब हम विदेश से चीनी आयात कर रहे हैं और दूसरी तरफ गन्ने को पेट्रोल में मिलाने के लिए एथेनॉल में झोंक रहे हैं! कांग्रेस अध्यक्ष ने इन मुद्दों के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि त्योहारों के मौसम में चीनी की कीमतों में वृद्धि का बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है।

## औद्योगिक विकास के दौर में श्रमिकों की सुरक्षा घटाना चिंताजनक : जयराम रमेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के उद्योग की परिभाषा से जुड़ा हालिया फैसला चिंताजनक है क्योंकि इससे ऐसे समय श्रम संबंधों में अनिश्चितता पैदा हुई है, जब निजी क्षेत्र द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराने की भूमिका लगातार बढ़ रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 श्रमिकों के लिए जरूरी सुरक्षा प्रावधानों को पहले ही काफी कमजोर करती है। उच्चतम न्यायालय ने बीते 20 अगस्त को 6रू3 के बहुमत से कहा था कि 1978 के अपने फैसले में दी गई श्रम हितैषी और व्यापक उद्योग की परिभाषा को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की व्याख्या के लिए आधार नहीं बनाया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में यह भी कहा था कि उद्योग की परिभाषा से संबंधित 1978 के सात सदस्यीय पीठ के फैसले पर पुनर्विचार के लिए भेजा गया संदर्भ वैध था। रमेश ने उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगस्त 2026 का बहुमत का यह फैसला चिंताजनक है, क्योंकि यह ऐसे समय में श्रम संबंधों में अनिश्चितता पैदा करता है, जब औद्योगिक शांति के लिए स्पष्टता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि खुली अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराने की भूमिका लगातार बढ़ रही है और इंडस्ट्री की व्यापक परिभाषा को संकीर्ण करने या कानून को उससे दूर ले जाने वाला कोई भी कदम श्रमिकों की सुरक्षा को ठीक उसी समय कमजोर करने का जोखिम पैदा करता है, जब इसकी सबसे अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस फैसले में फरवरी 1978 के ऐतिहासिक बैंगलोर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड बनाम ए. राजप्पा मामले में निर्धारित त्रिस्तरीय कसौटी को नए सिरे से परिभाषित करने की एक हाइपोथीसिस पेश की गई है। रमेश के मुताबिक, 1978 के फैसले में उच्चतम न्यायालय ने किसी गतिविधि को श्उद्योगश् मानने के लिए तीन प्रमुख तत्व निर्धारित किए थे, ये हैं– व्यवस्थित गतिविधि, नियोक्ता और कर्मचारी के बीच सहयोग



तथा मानवीय जरूरतों और इच्छाओं को पूरा करने वाली वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन अथवा वितरण। उन्होंने कहा कि इस कसौटी के तहत लाभ कमाने का उद्देश्य जरूरी नहीं माना गया था और धर्मार्थ संस्थाओं तथा सार्वजनिक निकायों की गतिविधियां भी इसके दायरे में आ सकती थीं। उनका कहना कि करीब पांच दशकों तक इस कसौटी ने समय–समय पर संशोधित औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत यह तय करने के लिए व्यापक और स्थापित ढांचा उपलब्ध कराया कि किसे उद्योग माना जाए और इसके कारण बड़ी संख्या में श्रमिकों को श्रम कानूनों का संरक्षण मिला। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि 2026 का बहुमत का फैसला इस दृष्टिकोण को दो महत्वपूर्ण तरीकों से सीमित करता है। उनके अनुसार, अब किसी गतिविधि में व्यापार या व्यवसाय जैसा स्पष्ट व्यावसायिक चरित्र होने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, जो पहले की कसौटी में नहीं था। रमेश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यह पुनर्परिभाषा पुराने औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत पूरी हो चुकी या लंबित कार्यवाहियों को प्रभावित नहीं करेगी और न ही यह नई औद्योगिक संबंध संहिता की व्याख्या निर्धारित करेगी, लेकिन फैसले में इस परिकल्पना को छोड़ दिए जाने से व्याख्या को लेकर खालीपन पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे मुकदमों और अनिश्चितताओं का भानुमती का पिटारा खुल सकता है, खासकर श्रम अदालतों और औद्योगिक अधिकरणों के सामने। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता केंद्र सरकार को प्रतिष्ठानों की और अधिक श्रेणियों को इसके दायरे से बाहर करने की शक्ति देती है, इसलिए व्यवहार में अधिक संकीर्ण परिभाषा स्थापित होने की गुंजाइश बनी हुई है। रमेश ने न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की असहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने बैंगलोर जल आपूर्ति मामले में निर्धारित त्रिस्तरीय कसौटी पर पुनर्विचार की आवश्यकता नहीं मानी और न्यायिक निश्चितता के हित में स्थापित कानून को अस्थिर करने के प्रति आगाह किया।

## अखिलेश के 'चवन्नी' वाले बयान पर भड़के जयंत चौधरी

### बोले- जाट समाज को निशाना बनाना पतन की राह

(एजेंसी) नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'चवन्नी को रुपया बना दिया' वाले बयान को लेकर उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अखिलेश यादव पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में किसी समुदाय को निशाना बनाना उचित नहीं है और ऐसा राजनीतिक अहंकार अंततः पतन का कारण बनता है। जयंत चौधरी ने कहा कि अगर राजनीतिक विरोध में कुछ तीखे शब्द कहने ही थे तो उनका नाम लेकर टिप्पणी की जा सकती थी। उन्होंने जाट समाज को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी पूरे समुदाय को निशाना बनाना सही राजनीतिक व्यवहार नहीं है। आरएलडी प्रमुख ने अपने पोस्ट में कहा कि सियासी लड़ाई में उनके खिलाफ बोलना होता तो वह इसे व्यक्तिगत तौर पर लेते, लेकिन जाट समाज को निशाना बनाने वाली बयानबाजी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीतिक अहंकार का असर करीब से देखा है और ऐसा आचरण किसी भी नेता के लिए पतन का रास्ता बन सकता है। इस विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी जयंत चौधरी के समर्थन में दिखाई दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की टिप्पणी से जाट समुदाय का अपमान हुआ है। राजभर ने कहा कि जाट समाज का उत्तर प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने अखिलेश यादव को अपने राजनीतिक इतिहास को समझने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसी बयानबाजी के राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं। विवाद की शुरुआत अखिलेश यादव की एक टिप्पणी से हुई। उन्होंने बिना नाम लिए कहा था कि "हम लोगों ने चवन्नी को रुपया बना दिया, फिर भी छोड़कर चले गए।" इसे जयंत चौधरी के वर्ष 2022 के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जब सपा और आरएलडी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव साथ लड़ रहे थे। उस समय भाजपा के साथ जाने की अटकलों पर जयंत चौधरी ने कहा था कि



वह कोई 'चवन्नी' नहीं हैं जो पलट जाएं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एरएलडी ने सपा से अलग होकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का साथ दिया। बाद में जयंत चौधरी केंद्र सरकार में मंत्री बने। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मतदाताओं का महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव माना जाता है। ऐसे में इस बयानबाजी को आगामी विधानसभा चुनावों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने भी अखिलेश यादव की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे जाट समाज और चौधरी चरण सिंह की विरासत का अपमान बताया है।

## मध्य प्रदेश: महाकालेश्वर मंदिर के पास ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, बुलडोजर और पोकलेन मशीनें गिरा रही इमारतें

एजेंसी उज्जैन मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के पास बेगम बाग इलाके में, उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिहायशी प्लॉट पर कमर्शियल इस्तेमाल के लिए कथित तौर पर बनाई गई एक दर्जन से ज्यादा इमारतों को गिराने की कार्रवाई की गई। कोर्ट के स्टे ऑर्डर हटने के बाद अधिकारियों ने बुलडोजर और पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। उज्जैन डेवलपमेंट अथॉरिटी के सीईओ संदीप सोनी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, आज उज्जैन डेवलपमेंट अथॉरिटी की लगभग 15–16 ऐसी इमारतें हैं, जिनकी लीज पहले ही रद्द की जा चुकी है। इन्हें हटाने के बाद कब्जा ले लिया जाएगा, जिससे सड़क चौड़ी करने और कुल मिलाकर विस्तारीकरण का काम आसान हो जाएगा। इससे पहले भी कार्रवाई की गई थी जिसमें 72 इमारतें हटाई गई थीं। सीईओ संदीप सोनी ने आगे कहा, आज, जैसा कि मैंने बताया, 15 से 16 इमारतें हटाई जा रही हैं। कार्रवाई के कारणों के बारे में बताऊं तो, हमारे सर्वे के दौरान पाया गया कि रिहायशी या कमर्शियल मकसद से अलॉट किए गए प्लॉट पर समय के साथ लीज की शर्तों का उल्लंघन किया गया था। सीएसपी संजू चौहान ने कहा, नगर निगम की ओर से खुद यह कार्रवाई की जा रही है। आगे बैरिकेड लगाकर लोगों को रोका जा रहा है और दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है। स्थिति सामान्य है, कोई परेशानी नहीं है और कार्रवाई जारी है। बीते वर्ष, 23 मई, 2025 को भी महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बेगमबाग इलाके में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण का अभियान चलाया गया था। तब लोगों ने इसका विरोध किया था। टीम ने ध्वस्तीकरण के खिलाफ चिन्हित किए गए कुल 28 प्रॉपर्टी में से 3 को ध्वस्त किया था। उज्जैन विकास प्राधिकरण के



सीईओ संदीप सोनी ने आईएएनएस को बताया था कि यह पूरा क्षेत्र लोगों को रहने के लिए लीज पर साल 1998 में दिया गया था। लेकिन, लोगों ने इसका बाद में व्यापारिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इसके अलावा, कई लोगों ने इसे रिन्यू भी नहीं कराया, जो पूरी तरह से लीज का उल्लंघन है।

## एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सीएम योगी सख्त, पराली से लेकर प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्रवाई के निर्देश

(एजेंसी) नयी दिल्ली उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी और समयबद्ध कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर वायु गुणवत्ता सुधारने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में धान की पराली के प्रभावी प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसानों को फसल अवशेषों के निस्तारण में किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए बेलर और अन्य आवश्यक कृषि मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। मशीनों की कमी दूर करने के लिए लंबित टेंडर प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खेत स्तर पर निगरानी बढ़ाकर पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच की जाए। नियमों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त



कार्रवाई की जाएगी। प्रदूषणकारी इकाइयों को आवश्यक नियंत्रण उपकरण स्थापित करने के लिए भी निर्देशित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कामों की निगरानी बेहतर तरीके से हो, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सड़क विकास और रखरखाव से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों को रोड रिडेवलपमेंट, सड़क की धूल रोकने और गड्ढों की मरम्मत के काम समयसीमा में पूरा करने को कहा गया। क्षतिग्रस्त फुटपाथों के पुनर्स्थापन को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग, नगर निकायों और हाउसिंग एवं अर्बन से जुड़े विभागों को खराब सड़कों की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने को कहा गया। सरकार ने एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में भी कदम तेज करने के निर्देश दिए हैं। ईवी सिटी बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट की संभावित जगहों को जल्द चिन्हित करने को कहा गया है। अधिकारियों को पवन पोर्टल पर सही और अपडेटेड डेटा दर्ज करने के निर्देश दिए गए। वाहनों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने और मासिक लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा करने को कहा गया। साथ ही प्रदूषण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

# सम्पादकीय

## मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा शुरू

जैसा कि सर्वविदित है कि बीत दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई टीम का ऐलान करने के साथ उत्तर प्रदेश और पंजाब के लिए नए प्रभारियों की नियुक्तियों का भी ऐलान कर दिया है। इसके बाद अब मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल में जल्द ही बडे फेरबदल की संभावना जताई जाती रही है। कई मौजूदा चेहरे हट सकते हैं। कुछ के मंत्रालय बदले जा सकते हैं और कुछ नए नाम मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में कुछ नामों को लेकर महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में भी चर्चा शुरू हो गयी है कि मोदी उन्हें अपनी टीम में ले सकते हैं। ये नाम एनडीए के घटक दल शिव सेना और एनसीपी से हैं। कहा जा रहा है कि बीते दिनों जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने अचानक दिल्ली पहुंचे तो चर्चा का बाजार गर्म हो गया। कयास लगाने जा रहा कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद फडणवीस ने साफ कर दिया कि वे महाराष्ट्र में ही रहेंगे और फिलहाल उनके दिल्ली जाने की कोई संभावना नहीं है। तो ये स्पष्ट हो गया कि फडणवीस नये मंत्रिमंडल में नहीं होंगे। लेकिन महाराष्ट्र की सियासत के कुछ नाम ऐसे हैं जो कि जल्द मंत्रीपद की शपथ लेते दिखाई दे सकते हैं। एनडीए सरकार में घटक दलों को मंत्रीपद देने के लिये फार्मूला अपनाया गया 7 लोकसभा सांसदों पर एक मंत्रीपद का। इस आधार पर मोदी मंत्रीमंडल में एकनाथ शिंदे की शिव सेना के एक ही मंत्री हैं प्रतापराव जाधव। बीते महीने ऑपरेशन टाईगर के तहत एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे की शिव सेना से 6 और सांसदों को तोड़ कर अपने पाले में ले आए। इस तरह से उनके सांसदों की संख्या बढ गयी और इसी के साथ मोदी मंत्रिमंडल में अतिरिक्त मंत्रीपद के लिये दावा भी मजबूत हो गया। चूंकि अब शिंदे के पास सांसदों की संख्या (7+6) तेरह हो चुकी है। इसलिये उनकी पार्टी को एक और मंत्रीपद मिलेगा। एकनाथ शिंदे की ओर से उनके बेटे श्रीकांत शिंदे का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। मौजूदा मंत्री प्रतापराव जाधव का नाम हटाकर भी शिंदे उद्धव ठाकरे की पार्टी से आये किसी सांसद का नाम मंत्रीपद के लिये आगे कर सकते हैं।



नफीस जाफरी

तो वहीं दूसरी ओर एनसीपी का फिलहाल मोदी मंत्रिमंडल में कोई मंत्री नहीं है। क्योंकि लोकसभा में उसका सिर्फ एक ही सांसद है। सरकार बनने पर भाजपा की ओर से एक राज्यमंत्री पद की पेशकश की गयी थी। लेकिन एनसीपी ने ये पेशकश ठुकरा दी और कहा कि लेंगे तो कैबिनेट मंत्री पद ही लेंगे। बताया जाता है कि अब एनसीपी राज्यमंत्री पद लेने को तैयार हो गयी है। सस्पेंस इस बात को लेकर है कि ये राज्यमंत्री पद कौन लेगा? दो लोंगो के नाम चर्चा में हैं – प्रफुल्ल पटेल और अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार। प्रफुल्ल पटेल यूपीए सरकार के कार्यकाल में लंबे वक्त तक कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। ऐसे में राज्यमंत्री पद को अपने लिये डिमोशन बताकर वे मना कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में पार्थ पवार को ये पद मिल सकता है जो कुछ महीने पहले ही राज्य सभा के सांसद बने हैं।

मोदी मंत्रिमंडल में फिलहाल महाराष्ट्र से 6 मंत्री हैं, जिनमें चार भाजपा, एक शिव सेना का और एक आरपीआई का है। बीते कुछ दिनों से चर्चा चल रही है कि शरद पवार की एनसीपी भी देर सबेर एनडीए में शामिल हो सकती है। अगर ये घटनाक्रम मंत्रिमंडल विस्तार से पहले होता है तो एनसीपी (एसपी) को भी एक मंत्रिपद मिल सकता है। ऐसी स्थिति में सुप्रिया सुले का नाम सबसे आगे चल रहा है, हालांकि शरद पवार ने बयान दिया है कि उनकी पार्टी एनडीए का हिस्सा नहीं बनेगी।

# सतीश पुनिया क्या पंजाब में अकाली दल को साध पाएंगे?



गुलफिशा खान

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद जयपुर अपने आवास पर पहुंचे सतीश पूनिया का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पूनिया ने मीडिया से बातचीत में अपनी राजनीतिक यात्रा, पार्टी में मिली जिम्मेदारियों और भविष्य की भूमिका को लेकर बात की। सतीश पूनिया ने कहा कि वे एक साधारण किसान परिवार से निकलकर राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहले उन्हें राज्यसभा भेजा और अब राष्ट्रीय महामंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। पद चाहे मंत्री का हो, महामंत्री का हो या कोई और जिम्मेदारी, उनकी कोशिश हमेशा एक कार्यकर्ता की तरह पार्टी के लिए काम करने की रहेगी। पूनिया साल 2018 से 2023 तक जयपुर के आमेर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे। उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान वे राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के उपनेता भी रहे। फिर उन्हें हरियाणा भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में आए उतार–चढ़ाव का भी जिक्र किया. पूनिया ने माना कि आमेर विधानसभा चुनाव में मिली हार निराशाजनक थी, लेकिन राजनीति में उतार–चढ़ाव आते रहते हैं। इसके बाद हरियाणा चुनावी जीत उनके राजनीतिक सफर का टर्निंग पॉइंट बनी। जीत के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भाजपा सांसद ने कहा, जब पहली बार जयपुर आया था, तब काफी घबराहट होती थी। बड़े शहर की परिस्थितियां उन्हें डराती थीं। लेकिन उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी के लिए लगातार काम किया और पार्टी ने आज इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। सतीश पूनिया ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता के रूप में काम करना ही उनकी मूल पहचान है। विदित हो कि भाजपा के राज्यसभा सांसद



सतीश पूनिया को पार्टी ने दो दिनों दो बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पहले उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया था। बाद में उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब का प्रभारी बनाया है। जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में सतीश पूनिया नियुक्ति अहम मानी जा रही है। उन्होंने पंजाब में भाजपा और अकाली दल के गठबंधन को लेकर भी अहम संकेत दिए हैं। सतीश पूनिया का कहना है कि फिलहाल इस मामले में कुछ कहना जल्दबाजी होगा, पंजाब में जाने के बाद वहां नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात करनी होगी, जबकि केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से जो निर्देश मिलेगा, उसी के आधार पर आगे का फैसला लिया जाएगा। पंजाब के प्रभारी बनाए गए सतीश पूनिया ने कई बड़ी बातें कही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री और अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की बैठक के बाद अकाली दल और भाजपा के गठबंधन को लेकर शुरू हुए संकेत पर उन्होंने कहा फिलहाल अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। मुझे सबसे बात करनी होगी। पंजाब में धरातल पर क्या स्थितियां हैं, उसे समझना होगा। क्योंकि भाजपा विचार के आधार पर चलने वाली पार्टी है। उसी के आधार पर काम होगा। भाजपा ने अटल युग से गठबंधन की राजनीति को मजबूती दी है, लोकतंत्र के लिए हमेशा समझौते भी किए हैं। प्रकाश सिंह बादल के दौर से अकाली दल के साथ भाजपा की अच्छी कैमेस्ट्री थी। राजनीतिक और रणनीतिक तौर पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। लेकिन पार्टी के लिए जो होगा वह किया जाएगा। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए सतीश पूनिया ने कहा भाजपा मिथक को तोड़ने का काम करती है। कहा जाता था कि हरियाणा में भाजपा नहीं जीतेगी, लेकिन हरियाणा में हमने तीसरी बार सरकार बनाई, दिल्ली में भी कहा जाता था कि आप नहीं हारेगी, लेकिन भाजपा ने दिल्ली में चुनाव जीता। पंजाब की जनता आप के शासन से त्रस्त है। इसलिए पंजाब की जनता में आप के खिलाफ अंडर करंट है। हमारी आने वाली समय में जो रणनीति होगी उसी पर काम होगा। भाजपा वहां अच्छे नंबर लाना चाहेगी। सतीश पूनिया ने फिलहाल भाजपा और अकाली दल के गठबंधन पर फिलहाल कुछ क्लीयर नहीं कहा है। लेकिन उनका मानना है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से जो भी आदेश होगा उसे पूरा किया जाएगा।

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले सतीश पूनिया की नियुक्ति अहम मानी जा रही है। वह इससे पहले हरियाणा के प्रभारी रहे हैं, राजस्थान उनका गृहराज्य है। दोनों ही पंजाब से लगे हुए हैं। ऐसे में पंजाब की परिस्थितियों से सतीश पूनिया वाकिफ हैं। इसके अलावा राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंजाब भाजपा की यूनिट में पदाधिकारियों की नई नियुक्तियों को लेकर हुए मतभेदों को सुलझाने का काम भी सतीश पूनिया को सौंपा जाएगा। पंजाब में भाजपा ने कांग्रेस से आए कई नेताओं को शामिल किया है, जिससे पार्टी पुराने नेताओं में नाराजगी की बातों की चर्चा थी। इन सभी चर्चाओं के बीच पूनिया की नियुक्ति अहम है।

# फ़ख़रुल इस्लाम बने बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति

## पार्टी के प्रति वफ़ादारी का मिला ईनाम



फरीद वारसी

बांग्लादेश में 35 साल बाद हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के नतीजे आ गए हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर देश के 23वें वें राष्ट्रपति चुन लिए गए हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार ओली अहमद को भारी मतों से हराकर जीत हासिल की। राष्ट्रपति चुने जाने से पहले आलमगीर प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व वाली सरकार में स्थानीय सरकार, ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्री का पद संभाल रहे थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर देश के 23वें राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने देश की संसद, जातीय संसद में हुए राष्ट्रपति चुनाव में 255 वोट हासिल किए। आलमगीर ने ओली अहमद को हराया, जो दक्षिणपंथी बांग्लादेश जमात–ए–इस्लामी और देश की पहली बड़ी छात्र–नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी, नेशनल सिटिजन पार्टी के नेतृत्व वाले 11–दलीय विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार थे; उन्हें 88 वोट मिले। चुनाव में संसद के कुल 343 सदस्यों ने वोट डाले। यह चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त नासिर उद्दीन की देखरेख में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे (स्थानीय समय) तक हुआ। बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त ने नतीजे घोषित किए और आलमगीर को नया राष्ट्रपति चुना गया बताया। यह चुनाव इसलिए भी खास था क्योंकि 35 साल में पहली बार बांग्लादेशी राष्ट्रपति चुनाव में एक से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में थे। पिछले चुनावों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे थे, जिससे दौड़ में सिर्फ एक ही उम्मीदवार रह जाता था।

जब सत्ताधारी नेशनलिस्ट पार्टी ने मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अपना अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया, तभी उनका चुना जाना तय हो गया था। फिर भी, इस बार यह नियुक्ति सिर्फ एक औपचारिक पद भरने से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसे राजनेता को मिली मान्यता है, जिन्होंने मुश्किल भरे सालों में अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने में जो भूमिका निभाई, उसके कारण उन्हें नेशनलिस्ट पार्टी के दायरे से बाहर भी सम्मान मिला है।

फखरुल भारत के साथ शत्रुतापूर्ण या टकराव के माहौल के बजाय द्विपक्षीय मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाने पर जोर देते हैं। शेख हसीना के प्रत्यर्पण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसे कदम दोनों देशों के संबंधों को बाधित नहीं करने चाहिए और इन्हें उचित कानूनी व अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत हल किया जाना चाहिए। उन्हें कट्टरपंथ से दूर एक उदार लोकतांत्रिक नेता माना जाता है, जो भारत सहित अन्य पड़ोसी देशों के साथ स्थिर और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की वकालत करते हैं। 16 फरवरी 2026 को दिए एक इंटरव्यू में मिर्जा फखरुल ने माना कि बांग्लादेश–भारत संबंधों में कई जटिल मुद्दे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि यह सहयोग का रास्ता बंद करने की वजह नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, ष्अमेरिका और चीन के आपसी संबंधों में भी कई जटिलताएं हैं, फिर भी वे एक–दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। हमें भी भारत–बांग्लादेश संबंधों में किसी एक मुद्दे पर ही नहीं अटके रहना चाहिए। जो लोग भारत के साथ संघर्ष और युद्ध की बात करते हैं, वे पागल हैं। 15 से ज्यादा सालों तक वे बीएनपी के असरदार नंबर दो रहे; उन्होंने किसी भी दूसरे व्यक्ति से ज्यादा समय तक सेक्रेटरी जनरल के तौर पर काम किया और पार्टी का सार्वजनिक चेहरा बने। उन्होंने सबसे पहले मार्च 2011 में कार्यवाहक महासचिव का पद संभाला और 2016 में उन्हें इस पद पर पक्का कर दिया गया। वे साल बिल्कुल भी आसान नहीं थे। फरवरी 2026 में सत्ता में लौटने से पहले बीएनपी लगभग दो दशक तक सरकार से बाहर रही; यानी फखरुल का कार्यकाल मुख्य रूप से शेख हसीना के तानाशाही शासन का



सामना करने में ही बीता। उस दौरान तारिक रहमान लंदन में थे, जबकि खालिदा जिया को जेल, नजरबंदी या लंबी बीमारी का सामना करना पड़ा। फखरुल बांग्लादेश में मौजूद वरिष्ठ नेता बन गए, जिन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क बनाए रखा और पार्टी के फैसलों को जमीनी स्तर पर लागू किया। यह कोई छोटी–मोटी जिम्मेदारी नहीं थी। ऐसे दौर भी आए जब बीएनपी के कई नेता और कार्यकर्ता निष्क्रिय हो गए, छिप गए या सार्वजनिक रूप से बाहर नहीं निकल पाए। ऐसी लगातार अफवाहें भी थीं कि पार्टी का एक धड़ा आखिरकार हसीना सरकार के साथ समझौता कर सकता है। भारी दबाव के बावजूद फखरुल डटे रहे, असंतोष को दबाया और पार्टी को एकजुट तथा राजनीतिक क्षेत्र में प्रासंगिक बनाए रखा।

सूत्रों के अनुसार, उन्हें कम से कम 11 बार गिरतार किया गया और वे लगभग साढ़े तीन साल जेल में रहे; इस दौरान उन पर कम से कम 111 मामले दर्ज किए गए। बीएनपी का दावा है कि 2009 से सितंबर 2023 के बीच, उसके लगभग 50 लाख सदस्यों के खिलाफ 1,41,000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए, और हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, परेशान किया गया या वे ज़बरदस्ती गायब कर दिए गए।

# राजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक

## –26 अगस्त के जुलूस को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता कानपुर देहात। आगामी 26 अगस्त को बारावफात (12 रबीउल अव्वल) के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को लेकर शुक्रवार को राजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने लोगों से चर्चा की और जुलूस से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान लोगों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 अगस्त को पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में बारावफात का जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर निकलेगा। इस दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और रास्ते में आने वाली समस्याओं को लेकर पीस कमेटी के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी। बैठक में कस्बे के लोगों ने बताया कि ब्लॉक कार्यालय के बाहर सड़क खुदी होने के कारण जुलूस के दौरान लोगों को परेशानी हो सकती है। इस पर थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने नगर पंचायत से संपर्क कर रास्ते को समय से दुरुस्त कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि त्योहार से पहले जुलूस के मार्ग की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। मौलाना अनिसुर्रहमान ने कहा कि जुलूस के दौरान आधा रास्ता खुला रखा जाएगा, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि जुलूस के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें और प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें। थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि पीस कमेटी की बैठक का उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ–साथ लोगों की समस्याओं और सुझावों को समय रहते सुनना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस की ओर से जुलूस के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में मौलाना अनिसुर्रहमान, मौलाना सैयद अजमत अली, पूर्व प्रधान अनवर खान, भाजपा नेता दिनेश मिश्रा, अनीश खान, शौकत मास्टर, जावेद खान, सभासद चांद बाबू, आसिफ खान सहित बड़ी संख्या में कस्बे के लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस ने सभी से आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

# ट्रंप का प्लान ‘‘बी’’ भी फेल



शबाब हुसैन

ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तनाव चरम पर है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर मिसाइल से हमला करने का आरोप लगाया और फिरऐलान किया कि उसने ईरान के साथ सभी तरह के व्यापार और आर्थिक लेन–देन रोक दिए हैं। एक तरफ ईरान हमलों के इन आरोपों को झूठा बता रहा है। तो दूसरी तरफ संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए ईरान के साथ सभी व्यापार, कारोबारी लेन–देन और वित्तीय लेन–देन को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। अब बात अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए चल रही बातचीत की तो मालूम हो कि मई के महीने में अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए बातचीत चल रही थी। लेकिन पर्दे के पीछे एक बड़ा सवाल अमेरिका को परेशान कर रहा था– क्या ईरान की तरफ से बातचीत कर रहे लोगों के हाथों में वाकई फैसला लेने की ताकत थी? क्या ईरान के प्रतिनिधि सचमुच ईरान के सबसे ताकतवर गुट– इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की तरफ से बात कर रहे हैं? अब खबर आई है कि इसी उलझन में ट्रंप सरकार ने एक ऐसा कदम उठाया था, जिसकी शायद किसी को उम्मीद नहीं थी। अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान के प्रतिनिधियों को दरकिनार कर सीधे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के नेतृत्व से बात करना शुरू की है। इसके लिए उन्होंने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र के राष्ट्रपति नेचिरवान बरजानी को चुना, जिन पर अमेरिका और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स दोनों पक्ष भरोसा करते हैं। एक्सियोस ने यह रिपोर्ट इस घटना के बारे में सीधे जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों के हवाले से छापी है और दावा किया है कि इसके बारे में पहले कोई रिपोर्ट नहीं आई थी। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका को यह पक्का पता नहीं है कि ईरान में असल में कौन सत्ता चला रहा है। 8 अप्रैल को युद्ध–विराम और उसके कुछ दिनों बाद इस्लामाबाद में हुई एक बैठक के बाद, अमेरिका और ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत करने की कोशिश की थी। मई



की शुरुआत में, ट्रंप सरकार को लगा कि वे किसी समझौते के करीब पहुंच रहे हैं, लेकिन ईरान ने अपना जवाब देने में 10 दिन से ज्यादा की देरी कर दी थी। ऐसे में अमेरिका को यह लगने लगा कि ईरान की ओर से बातचीत करने वाले, संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची, के पास कोई डील करने का अधिकार नहीं था, उनको कोई पावर नहीं दिया गया था। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स उनकी बात को नजरअंदाज कर रहा था। ऐसे में ट्रंप सरकार को एहसास हुआ कि उसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स लीडरशिप तक पहुंचने के लिए एक बैक चैनल की जरूरत है। ऐसे में लगभग 10 मई को, अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस की उस समय की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने नेचिरवान बरजानी को फोन किया। रिपोर्ट के अनुसार गैबार्ड ने बरजानी से कहा कि वह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर जनरल अहमद वाहिदी से संपर्क करने में मदद कर सकते हैं। दरअसल ईरान–इराक युद्ध के दौरान, बरजानी ईरान में रहे और तेहरान यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की थी। वे फारसी भाषा में माहिर हैं और ईरानी सरकार के कई सीनियर सदस्यों के साथ उनके निजी संबंध हैं। जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के टॉप सदस्य भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार नेचिरवान बारजानी गैबार्ड के रिक्वेस्ट पर सहमत हो गए। उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स में अपने संपर्कों को फोन मिलाया और कहा कि उनके पास ट्रंप सरकार का एक मैसेज है। रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि बरजानी ने जोर देकर कहा, लेकिन मैं सीधे जनरल वाहिदी से बात करना चाहता हूं। ईरानी पक्ष इसके लिए सहमत हो गया. 14 मई को, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का एक अधिकारी इराकी कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल में बरजानी के ऑफिस पहुंचा. उसके पास सुरक्षित कॉल करने के लिए एक एन्क्रिप्टेड फोन था। इस फोन पर बरजानी ने वाहिदी से पूछा कि क्या वह ईरान के बातचीत करने वालों के साथ हैं। ईरानी जनरल ने कहा कि हां, वह उनके साथ हैं। बरजानी ने फिर इसकी जानकारी गैबार्ड को दी और उन्होंने फिर व्हाइट हाउस को। रिपोर्ट के अनुसार बैक–चैनल बातचीत की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि ईरान का जवाब मिलने के बाद ट्रंप सरकार एक और प्रस्ताव लेकर आई। अमेरिका चाहता था कि बरजानी एरबिल में ही अमेरिका और ईरान के सीनियर वार्ताकारों के बीच गुप्त बातचीत करवाएं। बरजानी ने ईरानियों से फिर बात की और उन्हें यह मैसेज पहुंचाया। ईरानियों ने इसे प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज तो नहीं किया, लेकिन उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता थी। उन्हें शक था कि इराकी कुर्दिस्तान में इजरायली खुफिया एजेंसी के कई लोग मौजूद हैं और उन्हें डर था कि एरबिल में या वहां आने–जाने के दौरान इजरायली उनकी हत्या करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में एरबिल में होने वाली यह बैठक कभी नहीं हो पाई।

## एआई तकनीक से समस्याओं के समाधान में मिलेगी नई दिशा : डॉ. एनके

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सेंट मेरी इंटर कॉलेज में शनिवार को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं .त्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न शिक्षकों ने भाग लेकर आधुनिक तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में



एआई की उपयोगिता को समझा। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, .षि इंजीनियरिंग कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ. एनके शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि .त्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका बढ़ा रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के लिए तैयार करने में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग महत्वपूर्ण आधार साबित होगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि कम्प्यूटेशनल सोच के माध्यम से बड़ी से बड़ी समस्या को छोटे और व्यवस्थित चरणों में विभाजित कर प्रभावी ढंग से उसका समाधान खोजा जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और एआई का उपयोग विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल और तकनीकी समझ विकसित करने में सहायक होगा। उन्होंने कार्यशाला में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की मूलभूत अवधारणाओं पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इन अवधारणाओं को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाकर भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक के बदलते स्वरूप को देखते हुए शिक्षकों की भूमिका भी लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। कार्यशाला के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर शीजू ने डॉ. एनके शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन सिटी ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. कैलाश चंद्र यादव के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य सहित सेंट मेरी इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## अंतिम व्यक्तितक नैतिक मूल्य व राष्ट्रभक्ति पहुंचाना ही हमारा ध्येय

*–सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कार केंद्र प्रमुखों की समीक्षा बैठक, केंद्रों के विस्तार के मिले निर्देश*

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। आल्हा चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जनपद के संस्कार केंद्र प्रमुखों की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश के



क्षेत्र संगठन मंत्री व नेपाल प्रभारी योगेश उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर प्रांत के संस्कार केंद्र प्रमुख शिव सिंह और झांसी संभाग के ग्रामीण निरीक्षक राम प्रसाद तिवारी शामिल हुए। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने की।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न संस्कार केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि योगेश ने कहा कि संस्कार केंद्र समाज निर्माण की प्राथमिक पाठशाला हैं। हमारा मुख्य ध्येय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का विस्तार करना है। बैठक में संत रविदास जयंती और वार्षिकोत्सव की रूपरेखा तय की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलेभर से आए संस्कार केंद्र संचालक, आचार्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसबीआई में पीएम स्वनिधि योजना का दो दिवसीय मेगा कैंप प्रारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील लहरपुर की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिंगनापुर में छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सिंगनापुर ने एक विशेष और सराहनीय पहल की है। केंद्र सरकार की पीएम स्वनिधि




योजना के तहत लंबित व पात्र आवेदनों के त्वरित ऋण स्वी.ति और वितरण के लिए बैंक शाखा परिसर में 21 और 22 अगस्त को दो दिवसीय मेगा कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कैंप के पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे लाभार्थियों ने योजना से जुड़ी बारीकियों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान पूर्व में आवेदन कर चुके पात्र व्यक्तियों के ऋण स्वी.ति व राशि वितरण से संबंधित कागजी कार्यों को तेजी से निपटाया गया। शाखा प्रबंधक शशांक कुमार ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कम पूंजी में अपना व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने की इच्छा रखने वाले सभी रेहड़ी–पटरी संचालकों व छोटे दुकानदारों से अपील की है कि वे बैंक शाखा पहुंचकर इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस मौके पर फील्ड ऑफिसर मनोज वर्मा सहित बैंक स्टॉफ मौजूद रहा।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

### - मौके पर निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को थाना उसका बाजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना समाधान दिवस में पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा, नाली, चकमार्ग, अवैध कब्जे एवं पट्टा संबंधी मामलों से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने



राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, नाली एवं चकमार्ग विवाद, जमीन बंटवारे, अवैध कब्जे तथा पट्टा संबंधी मामलों में शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग लेते हुए विवादों का समाधान कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और अधिक से अधिक प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा अनावश्यक विवाद एवं लड़ाई–झगड़े से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नियमानुसार करेंगे। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने थाना उसका बाजार परिसर में नवनिर्मित भोजनालय का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष उसका बाजार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

### - शिक्षकों की उपस्थिति से लेकर भोजन की गुणवत्ता तक परखी व्यवस्थाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसका बाजार का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का जायजा लिया। डीएम के अचानक पहुंचने से विद्यालय प्रशासन में सक्रियता देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। पंजिका की जांच में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्राओं की पढ़ाई–लिखाई एवं शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय के रसोईघर का भी निरीक्षण



किया तथा छात्राओं के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने विद्यालय में छात्राओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन को दिए। डीएम ने कहा कि आवासीय विद्यालय में छात्राओं की सुविधा, शिक्षा, भोजन और स्वच्छ वातावरण को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति रही। डीएम ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# पत्रकारों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान, दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कलक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं, उनके निस्तारण और पत्रकारों को कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न दिक्कतों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पत्रकारों की ओर से रखे गए विभिन्न मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि पत्रकारों द्वारा उठाई जाने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। इसके साथ ही ऐसे मामलों में अनावश्यक देरी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पत्रकारों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों



को निर्देशित किया गया कि पत्रकारों द्वारा जनहित से जुड़े मामलों को सामने लाने के दौरान यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक समस्या आती है तो उसका नियमानुसार समाधान कराया जाए। समिति ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों से जुड़ी जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में पत्रकार महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे में पत्रकारों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से समाधान किया जाना आवश्यक है। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी पत्रकारों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव रखे। अधिकारियों ने उठाए गए बिंदुओं पर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अकीदत व एहतराम के साथ सजी जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मस्जिद राइन साबितगंज में जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं माहाना महफिल का आयोजन बाद नमाज–ए–ईशा बड़े अकीदत, उत्साह और रूहानी माहौल में किया गया। महफिल में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर कार्यक्रम को कामयाब बनाया। महफिल हुजूर सैयद गुलाम अब्दुस्समद



मियां साहब किबला की सरपरस्ती में आयोजित हुई। उलमा–ए–किराम ने तकरीर के माध्यम से पैगंबर–ए–इस्लाम की सीरत, मोहब्बत, अमन और भाईचारे के पैगाम पर रोशनी डाली। हजरत अल्लामा व मौलाना जाहिद रजा साहब कबिला की कयादत तथा हजरत अल्लामा व मौलाना फुरकान साहब किबला की इनायत से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनाब इंतखाब आलम अशरफी (रौनक इटावी) साहब कबिला, जनाब कारी शहनवाज अतारी साहब किबला (कलपी शरीफ) एवं जनाब हाफिज कैफ रजा साहब कबिला ने अपनी सेवाएं प्रस्तुत कीं। नातख्वानों ने नात–ए–पाक पेश कर महफिल के माहौल को रूहानी बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में तमाम उलमा, खतीब, नातखवान, मेहमान, कमेटी सदस्य एवं शहरवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगियों और शिरकत करने वाले तमाम हजरात का दिल से शुक्रिया अदा किया। अंत में मुल्क में अमन–ओ–अमान, खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ की गई। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की रौनक, मोहब्बत और पैगाम–ए–अमन यूं ही कायम रहे।

### मिशन शक्ति : महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत थाना वैदपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ ही साइबर अपराधों से बचाव



के उपाय भी बताए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध अथवा अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन करते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनके माध्यम से उन्हें महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और जनजागरूकता को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# सीएचसी उसका बाजार का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) उसका बाजार का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य



सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। डीएम के अचानक अस्पताल पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, स्त्री रोग ओपीडी, पैथालाजी कक्ष एवं दवा वितरण कक्ष का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखा। जिलाधिकारी ने अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों से भी सीधे वार्ता की और उनसे अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों के व्यवहार, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। मरीजों से सीधे फीडबैक लेकर डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अस्पताल परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था बेहतर कराने तथा नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अस्पताल में साफ–सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सरकार दो आलम से मोहब्बत करना ही हमारा ईमान : सैयद फुरकान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय दरगाह हाफिज असलम मियां में 12 दिवसीय चल रहे जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में आयोजित महफिले मिलाद को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन हाजी सैयद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल और अहले बैत से सच्ची मोहब्बत करना ही ईमानदार होने की निशानी है,



दूसरों के दुखों को समझना और उनसे अच्छे आचरण का व्यवहार करना जरूरी है जिससे लोग हमसे जुड़ेंगे और हमसे मिलकर अच्छी बातों का साझा भी करेंगे औलिया अल्लाह ने जो शिक्षा यानी तालीम दी है उस पर पूरी तरह से हमें अमल करना होगा तभी हमारा समाज बेहतर बनेगा क्योंकि जिसका आचरण अच्छा होता है। वहीं अच्छा मनुष्य कहलाता है। घर वालों और बाहर के लोगों से अच्छे व्यवहार को रखना चाहिए बल्कि तमाम जिंदगी ऐसी ही गुजारनी चाहिए। इसके बाद आपके सुपुत्र सैयद फरमान मियां चिश्ती हाशमी ने सलाम पेश किया और सज्जादा नशीन ने मुल्क में अमन और शांति कायम रहे इसके लिए दुआ भी की इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से मजा शाह कलंदर लहरपुर के सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां के अलावा मुतवल्ली दरगाह सैय्यद नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरजान मियां, कारी इस्लाम अहमद आरफी, कारी फय्याज चिश्ती सैय्यद शुजा रिजवी मौजूद रहे। महफिले मीलाद का क्रम इस्लामी माह की पहली तारीख से प्रारंभ है जो निरंतर 12 तारीख तक चलता रहेगा।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : मोनालिसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना मुर्तिहा एवं थाना सुजौली परिसर में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। दोनों बैठकों की अध यक्षता एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने की। बैठकों में पुलिस क्षेत्राधि ाकारी, दोनों थानों के थाना प्रभारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी



तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, कानून–व्यवस्था पर लगातार नजर रखने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने एवं माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं आपत्तिजनक सूचनाओं पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठकों में त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था, साफ–सफाई, बिजली एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। एसडीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि त्योहारों को प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। दोनों बैठकों में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं संभ्रांत लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सेल्समैन से छिनैती का प्रयास, पांच दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। पयागपुर–इकौना मार्ग पर मोहनीपुर के पास 18 अगस्त को तीन अज्ञात बाइक सवारों ने पान मसाला सेल्समैन कुंवर साहब को रोककर मारपीट की और जेब में रखे 15 हजार रुपये छीनने का प्रयास किया। असफल होने पर आरोपियों ने उसे तालाब में धक्का दे दिया और फरार हो गए। पीड़ित ने इकौना व पयागपुर पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पांच दिन बाद भी आरोपियों की गिरतारी न होने से पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

## मिट्टी की दीवार गिरने से किशोरी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। थाना क्षेत्र के रुकनापुर टेड़िया गांव में मिट्टी की दीवार गिरने से 17 वर्षीय वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी पयागपुर ले गए, जहां से जिला अस्पताल और फिर गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार हादसे में उसकी कमर में गंभीर चोट आई है।

## सूबेदार सिंह का यातायात पर शिकंजा

### – 22 दिन में 1,291 चालान से 45.85 लाख का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उप निरीक्षक सूबेदार सिंह ने 1 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए कुल 1,291 चालान किए। इन चालानों के माध्यम से 45 लाख 85 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। सीट बेल्ट, हेलमेट और मोबाइल पर विशेष नजर उप निरीक्षक सूबेदार सिंह द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान चार



पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर रोका गया और उनके चालान किए गए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले चालकों पर भी यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाई। इसके अलावा जांच के दौरान वाहन के आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत न करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही नियमों का पालन करने का संदेश दिया जा रहा है। उप निरीक्षक सूबेदार सिंह ने वाहन चालकों से अपील की कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। साथ ही वाहन के सभी आवश्यक प्रपत्र अपने पास रखें। यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के लिए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# किंगवे हॉस्पिटल के छात्रों का एनएच-19 पर हंगामा

### - मांगों को लेकर सड़क जाम, अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती (कैमूर)। कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत किंगवे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के छात्र–छात्राओं ने शनिवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग–19 पर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। छात्र–छात्राओं के सड़क पर उतरने से एनएच–19 पर कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे बड़ी संख्या में किंगवे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के छात्र–छात्राएं अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सड़क पर उतर आए। छात्रों ने एनएच–19 पर धरना देते हुए संस्थान से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्र–छात्राओं का आरोप था कि संस्थान में उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने सेमेस्टर से संबंधित समस्याओं, संस्थान में



आधुनिक सुविधाओं की कमी तथा फीस से जुड़ी परेशानियों को लेकर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि संस्थान प्रबंधन द्वारा फीस को लेकर मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे छात्र–छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। छात्रों का कहना था कि वे अपनी समस्याओं के समाध ाान के लिए कई बार अपनी बात रखने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं होने के कारण उन्हें सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा। छात्रों ने संस्थान की व्यवस्थाओं में सुधार करने और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। इधर, एनएच–19 जाम होने की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद डीएसपी, एसडीएम तथा दुर्गावती थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधि ाकारियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्र–छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली। अधिकारियों ने छात्रों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया और समझा–बुझाकर सड़क से हटाया। इसके बाद छात्रों ने ध ारना समाप्त कर दिया और एनएच–19 पर यातायात व्यवस्था धीरे–धीरे सामान्य हो गई। प्रदर्शन कर रहे छात्र–छात्राओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, प्रशासन की ओर से छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्तर पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# डीएम ने दो विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

### - अग्निशमन यंत्र के प्रयोग की जानकारी न होने पर जताई कड़ी आपत्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने आज शिकोहाबाद क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय दखिनारा एवं



प्राथमिक विद्यालय बिदरखा का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, पठन–पाठन के स्तर, मिड–डे मील एवं साफ–सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय दखिनारा पहुँचकर जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनके बौद्धिक एवं शैक्षणिक स्तर को परखा। जिलाधिकारी ने छोटी कक्षाओं के बच्चों से रंगों एवं जानवरों के नाम पूछे, वहीं कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों से दीवारों पर लगे महापुरुषों के चित्रों के विषय में प्रश्न पूछकर उनके सामान्य ज्ञान को परखा। बच्चों में सीखने की उत्सुकता और जागरूकता देखकर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय में प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने पॉलीथिन के प्रयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित कर कपड़े के थैलों का उपयोग करने तथा बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदतें विकसित करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान रसोईघर (किचन) एवं मिड–डे मील के लिए रखे चावल व राशन सामग्री की गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को बच्चों की प्रतिभा निखारने और शिक्षण के नए तरीके विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई कर्मी को नियमित रूप से विद्यालय की सफाई करने के निर्देश दिए। विद्यालय में कुल 249 नामांकित विद्यार्थियों के सापेक्ष 224 विद्यार्थी उपस्थित मिले, यहाँ कुल 16 शिक्षक कार्यरत हैं इसके पश्चात् जिलाधि ाकारी प्राथमिक विद्यालय बिदरखा पहुँचे, जहाँ व्यवस्थाओं में कमियाँ पाए जाने पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए। कक्षा 5 में पढ़ा रही प्रशिक्षुधशिक्षिका दीप्ति के शिक्षण का स्तर अत्यंत असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खराब शिक्षण गुणवत्ता के कारण बच्चों के भविष्य के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। विद्यालय परिसर में साफ–सफाई की स्थिति ठीक न मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधि ात पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, किचन में अग्निशमन यंत्र लगा तो मिला, लेकिन किसी भी स्टाफ को उसके प्रयोग की जानकारी नहीं थी। जिलाधिकारी ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में ऐसे सुरक्षा उपकरणों का कोई औचित्य नहीं रह जाता जिलाधिकारी ने बच्चों से पुस्तकें पढ़वाईं तथा छोटे–छोटे गणितीय व सामान्य सवाल पूछकर उनकी स्थिति जानी। इसके साथ ही उन्होंने शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। यहाँ कुल 78 नामांकित बच्चों में से 62 बच्चे उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में पठन–पाठन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एसीओ की कार्यवाही पर भड़के लेखपाल किया विरोध प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील लहरपुर में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष शशि कुमार ने नेतृत्व में तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन जताया जानकारी के अनुसार प्रदेश में फील्ड में कार्यरत लेखपाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही गलत एवं अनुचित ट्रैप कार्रवाई से पूरे लेखपाल संवर्ग में आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि लेखपाल ग्रामीण क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में शासन की योजनाओं एवं राजस्व संबंध ाी दायित्वों का निर्वहन करते हैं। किसी निर्दोष कर्मचारी के विरुद्ध गलत अथवा सुनियोजित ट्रैप कार्रवाई से उसका सेवाकाल, सामाजिक प्रतिष्ठा एवं पारिवारिक जीवन गंभीर रूप से प्रभावित होता है। संगठन भ्रष्टाचार के विरुद्ध निष्पक्ष एवं वैधानिक कार्रवाई का समर्थन करता है, नियमविरुद्ध एवं



अनुचित कार्रवाई किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इसी क्रम में जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्ष दीप के साथ हुई घटना अत्यंत गंभीर है। उपलब्ध सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के अवलोकन से प्रथम .ष्ट्या रिश्वत की मांग किए जाने का कोई स्पष्ट तथ्य प्रतीत नहीं होता। प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराते हुए उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई को समाप्त कराया जाने की भी मांग की है तथा दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई किया जाने की मांग की है,लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक पहल करते हुए लेखपाल संवर्ग के लिए भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के पत्रांक संख्या 83 में कहा गया है कि महामंत्री 22 अगस्त के क्रम में प्रदेश की समस्त तहसीलों के लेखपाल 22 अगस्त शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस का बहिष्कार करेंगे। प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अपनी–अपनी तहसीलों पर उपस्थित रहकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की अनुचित एवं दंडनात्मक कार्रवाई के विरोध ा में धरना पर रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी संज्ञान में लेते हुए आवश्यक सहयोग एवं कार्यवाही की मांग की इस मौके पर लेखपाल संघ मौजूद रहा।

# मवेशियों से लदा कटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

### – पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो /दुर्गावती (कैमूर)। स्थानीय थाना क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की मध्यरात्रि करीब 1.30 बजे एनएच–19 पर कुलहड़िया मोड़ के समीप एक कंटेनर से 36 मवेशियों को बरामद कर जब्त किया। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक को गिरतार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश की ओर से एक कंटेनर में मवेशियों को लादकर बिहार की सीमा में प्रवेश कराया जा रहा था। इसी दौरान कुलहड़िया मोड़ के समीप पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही थी। पश्चिम दिशा से आ रहे संदिग्ध कंटेनर पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने तत्काल वाहन को रुकवाकर उसकी जांच की। जांच के दौरान कंटेनर के अंदर बड़ी संख्या में मवेशी पाए गए। पुलिस के अनुसार मवेशियों को कंटेनर में क्रूरता पूर्वक लादा गया था। इसके बाद पुलिस ने 36 मवेशियों को जब्त करते हुए कंटेनर को भी अपने कब्जे में ले लिया और चालक को गिरतार कर लिया। गिरतार चालक की पहचान सरताज चौध ारी, पिता गयूर हसन, ग्राम चोनाह, थाना चौनहा, जिला गया के रूप में बताई गई है। पुलिस ने जिस कंटेनर को जब्त किया है, उसका



रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर–02जीए/5792 बताया गया है। पशु तस्करी के खिलाफ जारी है अभियान इस संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लगातार वाहन जांच एवं अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात पुलिस को यह सफलता मिली और कंटेनर से 36 मवेशियों को बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरतार चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। .षि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री धन–धान्य .षि योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के सेंट्रल नोडल अधिकारी आलोक तिवारी द्वारा की गई। बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा प्रधानमंत्री धन–धान्य .षि योजना के उद्देश्यों एवं



जनपद में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार द्वारा योजना के अंतर्गत जनपद में की जा रही कार्यवाही एवं प्रगति का प्रस्तुतिकरण (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, .षि उत्पादकता में वृद्धि तथा किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई बैठक के उपरांत भारत सरकार के सेंट्रल नोडल अधिकारी आलोक तिवारी द्वारा जनपद के सिजहरी स्थित असियाना बायो एनर्जी एफपीओ का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने एफपीओ की गतिविधियों, किसानों से जुड़ी कार्यप्रणाली तथा .षि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बैठक में उप .षि निदेशक राम सजीवन, जिला .षि अधि ाकारी पीसी विश्वकर्मा सहित .षि विभाग के समस्त जनपदीय अधि ाकारी उपस्थित रहे।

## अयोध्या के लेखपाल पर कार्रवाई के विरोध में लेखपालों ने किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर शनिवार को स्थानीय तहसील परिसर में लेखपालों ने एंटी करप्शन संगठन के विरोध में कार्य बहिष्कार कर एक दिवसीय जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और तहसीलदार रामनारायण वर्मा को 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। लेखपाल संघ के स्थानीय तहसील अध



यक्ष विजय कुमार सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रदेश में लेखपालों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा गलत एवं अनुचित ट्रैप की कार्रवाई की घटनाएं सामने आ रही है, जिसके विरोध में पूरे प्रदेश सहित स्थानीय तहसील में प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 20 अगस्त को जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्ष दीप अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में कार्य कर रहे थे तभी भ्रष्टाचार निवारण संगठन अयोध्या द्वारा उनके विरुद्ध ट्रैपिंग की कार्रवाई की गई। जबकि उक्त प्रकरण में उपलब्ध सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से स्पष्ट है कि उत्कर्ष दीप का रिश्वत लेने से कोई संबंध नहीं है बल्कि जोर जबरदस्ती से उनके हाथ में पैसे को पकड़ाया जा रहा है। इस घटना से प्रदेश के समस्त लेखपालों में न सिर्फ भारी आक्रोश व्याप्त है, बल्कि असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में संघ की ओर से पांच प्रमुख मांगे, जिनमें प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने, कार्रवाई में अपनाई गई प्रक्रिया एवं उपलब्ध साक्ष्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा करने, यदि कार्रवाई तथ्यों के विपरीत पाई जाए तो संबंधित लेखपाल को न्याय एवं उचित राहत प्रदान करने, तथ्यहीन अथवा दुर्भावना पूर्ण शिकायत पाए जाने पर एंटी करप्शन टीम के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई करने तथा राजस्व लेखपाल के सम्मान एवं अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा गया। धरनारत समस्त लेखपालों ने एक स्वर से कहा कि उक्त प्रकरण में यदि अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होता है तो लेखपाल संघ आगे भी कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उक्त धरने में लेखपाल संघ के मंत्री मंतोष कुमार, अतुल रंजन राय, विजय कुमार, वकार खान, संदीप भारती, शिव प्रकाश पाल, तौकीर हसन, शालिनी राय, रमेश सोनकर, विकास कुमार, राजकुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और शैक्षिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और रसोईघर का भी निरीक्षण किया।



डीएम ने छात्राओं से अंग्रेजी विषय की परीक्षा को लेकर बातचीत की और उनकी पढ़ाई, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यालय में उपलब्ध ा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को भोजन सामग्री को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ–सफाई और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला चुप ताजिया जुलूस

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। आठवीं रबी उल अव्वल को निकलने वाला तारीखी चुप ताजिये का जुलूस, हर साल की तरह इस साल भी विक्टोरिया स्थित नाजिम के इमामबाड़े से फज्र की नमाज के बाद बरामद होकर शांतिपूर्ण ढंग से रौजा ए काजमैन जाकर समाप्त हुआ। इस जुलूस के संस्थापक नवाब आगा अहमद अली खान मरहूम थे। जुलूस निकलने से पहले इमामबाड़े में चुप ताजिये की एक अलविदाई मजलिस हुई जिसको मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास ने खिताब किया। डॉक्टर आगा हसन बाकर की जानिब से होने वाली मजलिस में मौलाना ने मसायब ए रुखसते अजा बयान किये। उसके बाद जुलूस शिया पीजी कालेज, मेफेयर तिराहा, चिड़या बाजार, नखास चौराहे से होता हुआ टूरियागंज तिराहे से दाहिने तरफ मुड़कर अशरफाबाद, बालदा गिरधारी सिंह स्कूल, मंसूर नगर तिराहे से बाएं तरफ मुड़कर, शिया यतीम खाना होते हुए रौज–ए–काजमैन पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में नकीब मरसिया पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस में अलम, जुलजना (दुलदुल) ऊँटों पर अमारियां और दो बड़ी जरियां शामिल थीं। जिसकी अकीदतमंदो ने जियारत कर इमाम हुसैन (अ.स) और उनके साथियों को पुरसा पेश किया। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही थी। जुलूस गुजरने वाले अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने बल्लियां लगाकर बैरिकेटिंग कर रखी थी। ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो। चुप ताजिए का जुलूस गुजरने के बाद 2 महीने 8 दिन तक मजलिस, मातम और शबेदारियों का चलने वाला सिलसिला पूरी तरह से थम गया।



### संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते किसान मंच प्रदेश अध्यक्ष निष्कासित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सिंह के आदेशानुसार युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राहुल पांडे को किसान मंच संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि विगत काफी दिनों से संगठन की गरिमा धूमिल कर अपने निजी स्वार्थ के चलते सत्ता पक्ष के लोगों से संलिप्तता के कारण यह निर्णय लिया गया है। किसान मंच पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा और लगन के साथ किसानों, बेरोजगारों, गरीबों, मजदूरों के हक में आवाज बुलंद कर उनके हकों के लिए संघर्ष में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर पेयजल टैंक की सफाई

#### – नई टंकी का भी मिला आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। राजपुर नवादा गांव में पेयजल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने पहल करते हुए पानी की टंकी की सफाई कराई। लंबे समय से टैंक में गंदगी और बालू जमा होने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। बताया गया कि कुछ दिन पहले गांव में आयोजित एक सभा के दौरान ग्रामीणों ने चेयरमैन के सामने पेयजल समस्या रखी थी। ग्रामीणों ने बताया था कि टैंक की स्थिति खराब होने के कारण पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। साथ ही गांव की जरूरत को देखते हुए नई पानी की टंकी बनवाने की मांग भी की गई थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन की ओर से टैंक की सफाई कराई गई। इसके साथ ही नई टंकी के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया गया है। टैंक की सफाई होने के बाद ग्रामीणों ने राहत जताते हुए चेयरमैन के प्रयास की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि नई टंकी का निर्माण होने से गांव में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

### गर्भवती युवती की मौत का मामला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। क्षेत्र में गर्भवती युवती की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों और मेडिकल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को युवती के पिता दिनेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर लापरवाही के आरोप लगाए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ आकाशा गौतम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि मृतका सोनी ने करीब एक वर्ष पहले परिजनों की इच्छा के विपरीत अतुल से प्रेम विवाह किया था। पुलिस के मुताबिक गर्भावस्था के दौरान सोनी का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। प्रसव के समय उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय अभिलेखों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गरीबी से मुक्ति के लिए युवाओं को कौशल से जोड़ें : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जीरो पॉवर्टी अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, बीबीजीरामजी योजना, आईजीआरएस, गोशाला और प्रा.तिक खेती सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिन्हित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चिन्हित परिवार जिले के सबसे निर्धन एवं वंचित परिवार हैं। इन्हें केवल आर्थिक सहायता तक सीमित न रखते हुए बिजली, पानी, आवास, स्वास्थ्य, राशन सहित सभी मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गरीबी से परिवारों को स्थायी रूप से बाहर निकालने के लिए युवाओं को कौशल विकास से जोड़ना जरूरी है। 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। खंड विकास अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने तथा सेवायोजन विभाग को प्रशिक्षण के बाद रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सड़कों पर न घूमें गोवंश, घायल पशुओं के लिए 1962 पर दें सूचना गोशालाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गोवंश सड़कों पर न घूमे और गोशालाओं में दाना, हरा चारा तथा भरण–पोषण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी को घायल गोवंश मिले तो तत्काल 1962 हेल्पलाइन पर सूचना दें, ताकि मौके पर पहुंचकर उसका उपचार और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा में उन्होंने विद्यालयों और उनके आसपास स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। विद्यालय भवनों और परिसरों की नियमित साफ–सफाई तथा समुचित देखरेख सुनिश्चित करने के साथ विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने को कहा। विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं




उपलब्ध कराने और विद्यालयों तक जाने वाली सड़कों की स्थिति बेहतर रखने के भी निर्देश दिए। बीबीजीरामजी योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने बताया कि योजना के अधिकांश कार्य जल संरक्षण से जुड़े हैं। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को ग्राम स्तर पर बैठकें कर आवश्यक कार्यों का चिन्हांकन कराने और शीघ्र कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए जनपद को अग्रणी बनाने पर जोर दिया। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। तहसील दिवस, जनता दर्शन और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। प्रा.तिक खेती को जनआंदोलन बनाने पर जोर प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देने के लिए .षि, पशुपालन और पंचायत विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने गोशालाओं को प्रा.तिक खेती से जोड़ने तथा किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत सहित अन्य प्रा.तिक .षि उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी पांच–छह माह तक विशेष अभियान चलाकर प्रा.तिक खेती को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, आईएएस कोमल पुनिया, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित सभी खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक के आश्वासन पर शेखपुर जखौली का सत्याग्रह समाप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ग्राम पंचायत शेखपुर जखौली में 13 अगस्त से चल रहा रास्ता दो या मौत सत्याग्रह सदर विधायक सरिता भदौरिया



के आश्वासन और मौके पर जल निकासी का कार्य शुरू होने के बाद समाप्त हो गया। आंदोलन स्थल पर जनपद के तमाम प्रशासनिक अधिकारी जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और जल निकासी की समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों से वार्ता की और उन्हें उनकी समस्या के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जल निकासी का काम शुरू होने के बाद विधायक ने अपने हाथों से आंदोलनकारियों को मिठाई खिलाकर और पानी पिलाकर सत्याग्रह समाप्त कराया। आंदोलन कर रही महिलाओं ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई। विधायक ने आश्वासन दिया कि जिलाधिकारी के माध्यम से समस्या के समाधान का प्रस्ताव तैयार कराया जाएगा और वह स्वयं रेल मंत्री से मुलाकात कर इस मामले को प्रमुखता से रखेंगी। सत्याग्रह के संचालक दीपक राज ने कहा कि सदर विधायक के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि विधायक जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान कराएंगी। भाजपा इकदिल मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने बताया कि क्षेत्र की समस्या से सदर विधायक को पहले ही अवगत कराया गया था। विधायक ने तत्काल जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, खंड विकास अधिकारी बढ़पुरा, क्षेत्र पंचायत अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, जिला महामंत्री सागर दुबे, मत्स्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओमरतन कश्यप, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे, किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, चंदन पोरवाल, आशीष मिश्रा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल, चितवन के पूर्व प्रधान मंजू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। आंदोलन समाप्त होने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा जल निकासी का काम शुरू कराए जाने पर राहत की सांस ली और विधायक के आश्वासन पर भरोसा जताया।

## नुक्कड़ नाटकों से बेटियों के सम्मान का संदेश, भेदभाव मिटाने की मुहिम तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जनपद में बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलने और बेटा–बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करने के लिए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर 18 से 22 अगस्त तक जिले के विभिन्न विद्यालयों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान 18 अगस्त को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, तिवारी ज्वाला प्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज, हनुमान मंदिर शास्त्री चौराहा और पिलुआ महावीर मंदिर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। 19 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र, जनता इंटर कॉलेज भरथना चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बसरेहर और अमृतपुर धाम मंदिर बसरेहर में लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में 20 अगस्त को केके इंटर कॉलेज, पंचायतीराज महिला



महाविद्यालय, साईं मंदिर पक्का तालाब और साईं मंदिर कचौरा रोड में कार्यक्रम हुए। 21 अगस्त को पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कांधनी, राजकीय इंटर कॉलेज इटावा, सदर तहसील परिसर और रोडवेज बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक के जरिए संदेश दिया गया। अभियान के अंतिम दिन 22 अगस्त को श्री शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, कालीवाहन मंदिर और शनि मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटा–बेटी को लेकर व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव को समाप्त करना तथा लिंगानुपात में सुधार के लिए लोगों को जागरूक करना है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि घर में बेटी का जन्म किसी बोझ का कारण नहीं, बल्कि खुशी और सौभाग्य का अवसर है। परिवार में बेटियों को बेटों के समान अधिकार, सम्मान और अवसर दिए जाने चाहिए। कार्यक्रमों के दौरान महिला कल्याण विभाग की ओर से उपस्थित लोगों और छात्र–छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। अभियान के माध्यम से जिले में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अधिकारों को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## गंगा बैराज पहुंचकर रिटायर्ड प्रोफेसर ने दी जान, गोताखोरों ने निकाला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। गंगा बैराज पर शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब वर्धमान कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने गंगा में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद उनका शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर की गीता नगरी कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय प्रमोद कुमार त्यागी शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बैराज पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह कुछ देर तक बैराज क्षेत्र में रहे। इसी दौरान उन्होंने गेट संख्या 28 के पास गंगा में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कराई। गोताखोरों ने गंगा में तलाश करते हुए निर्माणाधीन पुल के पास से उनका शव बरामद किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त प्रमोद कुमार त्यागी के रूप में की। प्रमोद त्यागी वर्धमान कॉलेज में जूलॉजी विभाग के एचओडी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा बाहर नौकरी करता है। बताया गया कि प्रमोद त्यागी से संबंधित एक मुकदमा अदालत में विचाराधीन था। उसकी सुनवाई पूरी हो चुकी थी और निर्णय आना बाकी था। पुलिस के अनुसार, प्रथम .ष्टया मुकदमे को लेकर तनाव की बात सामने आ रही है। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## विशेष अभियान चला पुलिस ने 33 शिकायतों का कराया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। शनिवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 33 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान। पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार–बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।




## ई-केवाईसी से अपात्र लाभार्थियों पर शिकंजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पयागपुर ब्लॉक की 69 ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड धारकों की ई–केवाईसी कराई जा रही है। ब्लॉक में कुल 36,817 राशन कार्डों पर 1,35,854 यूनिट दर्ज हैं, जिनमें करीब 98 प्रतिशत लाभार्थियों की ई–केवाईसी पूरी हो चुकी है। पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार ने शेष दो प्रतिशत ई–केवाईसी जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई–केवाईसी से अपात्र व मृतकों के नाम पर होने वाले राशन वितरण पर रोक लगेगी और व्यवस्था अधिक पारदर्शी होगी।

## बीएसए ने एफएलएन प्रशिक्षण व विद्यालय का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बीआरसी पयागपुर में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रतिभागियों से जानकारी ली और समस्याओं के तत्काल निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए तथा एक सप्ताह में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने को कहा। इस दौरान बीईओ अनूप कुमार सिंह सहित मास्टर ट्रेनर व शिक्षक मौजूद रहे।

## बालश्रम व मानव तस्करी के खिलाफ चला सघन अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बालश्रम, भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी एवं नशा उन्मूलन के खिलाफ ऑपरेशन रक्षा के तहत जनपद में सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बाल एवं किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन कर उन्हें बाल श्रम से मुक्त कराना, सड़कों पर रहने वाले एवं बेघर बच्चों का संरक्षण और पुनर्वासन सुनिश्चित करना



तथा बच्चों को शोषण से बचाना है। इसी क्रम में शनिवार को थाना बसरेहर क्षेत्र में श्रम विभाग और थाना एएचटी पुलिस की संयुक्त टीम ने दुकान, प्रतिष्ठान, गैराज, होटल, ढाबा, मार्केट, मेडिकल स्टोर, बेकरी सहित विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन के साथ बाल श्रम की रोकथाम तथा मानव तस्करी और भिक्षावृत्ति से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी जुटाई। अभियान के दौरान पुलिस एवं श्रम विभाग की टीम ने दुकानदारों और आमजन को बच्चों से बाल श्रम न कराने, उन्हें भिक्षावृत्ति में न लगाने तथा मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि बच्चों के शोषण या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। यह अभियान जिलाधिकारी के निर्देशों और शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान श्रम विभाग के निरीक्षक एवं टीम तथा प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बच्चों के संरक्षण, बाल श्रम पर रोक, मानव तस्करी की रोकथाम और बच्चों के सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य के लिए ऑपरेशन रक्षा अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नैनी झील की बाउंड्री टूटने से खेतों में पानी, डीएम ने दिए निगरानी के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। क्षेत्र में नैनी झील की बाउंड्री टूटने के बाद पानी का बहाव खेतों की ओर होने से कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। स्थिति की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने प्रभावित किसानों की फसलों को बचाने के लिए राहत कार्य शुरू करा दिया है। प्रशासन की टीमों द्वारा पानी के बहाव को नियंत्रित करने और खेतों में जमा पानी को निकालने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को



कम से कम नुकसान हो, इसके लिए मौके की स्थिति के अनुसार तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। डीएम ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को मौके की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही कराने और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर राहत कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए और पानी की निकासी की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

# डीएम व एसएसपी ने शांति समिति की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त धर्मगुरु, पीस कमेटी के सम्मानित सदस्य, जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने आगामी पर्वों एवं त्योहारों बारहवफात, जुलूस, जलसे, श्री.ष्ण जन्माष्टमी, जैन समाज के पर्युषण पर्व, रक्षाबंधन तथा सावन के अंतिम सोमवार की शुभकामनाएं दीं और जिला प्रशासन की ओर से आपसी भाईचारे, उत्साह व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। जुलूस के दौरान ले जाए जाने वाले झंडों की ऊंचाई सीमित रखने और लोहेध्मेटल के पाइप या रॉड का प्रयोग न करने के निर्देश दिए गए। जुलूस में बजने वाले डीजे की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखने को कहा गया ताकि आवागमन और सुरक्षा में कोई बाधा न आए। 25–26 अगस्त के आसपास होने वाले जलसों के आयोजकों से कहा



गया कि वे प्रशासन से पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे पुलिस एवं प्रशासनिक टीम सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुचारू बन सके। बड़े जुलूसों (विशेष रूप से टूंडला व थाना रसूलपुर/शहर क्षेत्र) के आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने वालंटियर्स की सूची, नाम और उनके पहचान पत्र (आईडी कार्ड) का सीरियल नंबर संबंधित थाने में जमा कराएं ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। श्री.ष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रात्रि में मंदिरों में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के .ष्टिगत सुरक्षा, विद्युत एवं स्वच्छता संबंधी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शांति समिति की बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों (एसडीएम, सीओ, नगर निगम, विद्युत व अन्य विभागीय अधिकारियों) के साथ अलग से समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा जो भी समस्याएं एवं सुझाव सामने लाए गए हैं, पुलिस प्रशासन उनका शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि पर्वों व जुलूसों के पारंपरिक मार्गों (रूटों) का पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में ही स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों एवं जुलूस मार्गों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी और स्थिति का सटीक आकलन किया जाएगा।

## दाऊदयाल महिला महाविद्यालय व खाद्य प्रसंस्करण विभाग के बीच हुआ समझौता

### – छात्राओं को मिलेगा रोजगारपरक प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के प्रतिष्ठित दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग (उत्तर प्रदेश) के मध्य शैक्षणिक खाद्य प्रसंस्करण तकनीक और अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण व प्रथम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता महाविद्यालय की छात्राओं को खाद्य संरक्षण व स्वरोजगार के क्षेत्र में दक्ष बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेनू



वर्मा एवं खाद्य प्रसंस्करण संस्था के अध्यक्ष शैलेंद्र ने आगामी 5 वर्षों के लिए इस समझौता ज्ञापन पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। जिसका मुख्य उद्देश्य गृह विज्ञान एवं खाद्य प्रसंस्करण की छात्राओं को समय–समय पर खाद्य संरक्षण, प्रोसेसिंग तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण और खाद्य उद्योग से जुड़े आधुनिक अनुसंधानों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण से छात्राएं न केवल शैक्षणिक रूप से समृद्ध होंगी, बल्कि भविष्य में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में खुद का उद्योग या स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. नूतन राजपाल एवं डॉ. नीतू सिंह तथा शिखा यादव सहित दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की वरिष्ठ शिक्षकाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने इस पहल को छात्राओं के उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## गुलदार का आतंक : घर से मासूम को उठाकर ले गया, जंगल में मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। क्षेत्र के मूसेपुर गांव में गुलदार के हमले से एक बार फिर दहशत फैल गई। शनिवार तड़के करीब पांच बजे घर में सो रहे दो वर्षीय मासूम मोहित को गुलदार उठाकर जंगल की ओर ले गया। बाद में करीब 500 मीटर दूर जंगल में बच्चे का शव मिला। परिजनों के अनुसार मोहित अपने माता–पिता का



इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण घर में दरवाजा नहीं लगा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से गुलदार घर के अंदर घुसा और सो रहे बच्चे को उठाकर ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गुलदार बच्चे को जंगल में ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। बाद में गुलदार शव को छोड़कर जंगल में भाग गया। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में पिछले 18 दिनों के भीतर गुलदार के हमलों में तीन बच्चों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से आदमखोर गुलदार को तत्काल पकड़ने तथा प्रभावित गांवों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

## बेटी एमन अंसारी सुरीली आवाज से जगा रहीं प्रतिभा की अलख

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। हुनर किसी पहचान या उम्र का मोहताज नहीं होती इसे सच कर दिखाया है कस्बा खीरी के मोहल्ला तबेला की रहने वाली 16 वर्षीय बेटी एमन अंसारी ने। महज 16 साल की उम्र में एमन अपनी ईश्वरप्रदत्त और सुरीली आवाज के दम पर क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। अपनी आवाज के जादू से वह न केवल गजल और गीत, बल्कि भजन और नात–ए–पाक भी उतनी ही शिद्दत और भक्ति–भाव से गाती हैं। उनकी इस सर्वधर्म सद्भाव और कलात्मक प्रतिभा की हर तरफ सराहना हो रही है। बता दें कि मोहल्ला तबेला निवासी बदलू अंसारी की सुपुत्री एमन अंसारी को बचपन से ही संगीत का गहरा शौक रहा है। बिना किसी बड़े औपचारिक मंच के, उन्होंने अपनी लगन और मेहनत के बल पर अपनी गायकी को निखारा है। जब एमन गाती हैं, तो सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। उनकी आवाज में एक खास तरह की मिठास और गहराई है, जो सीधे सुनने वालों के दिलों को छू लेती है। एमन की सबसे बड़ी खासियत उनकी वर्सटिलिटी (विविधता) है। वह जहां एक ओर गजल और गीतों की नजाकत को बखूबी समझती हैं, वहीं दूसरी ओर नात–ए–पाक की रूहानी प्रस्तुतियां देकर लोगों का दिल जीत लेती हैं। इसके साथ ही, जब वह भक्तिमय भजन गाती हैं, तो पूरा माहौल भक्ति और शांति के रस में डूब जाता है। संगीत के प्रति उनकी इस निष्ठा ने उन्हें कस्बे की एक उभरती हुई बाल कलाकार के रूप में स्थापित कर दिया है। आज के दौर में जहां कला और संगीत लोगों को जोड़ने का काम करते हैं, वहीं एमन अपनी गायकी से गंगा–जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की एक सुंदर मिसाल पेश कर रही हैं। भजन और नात दोनों को समान श्रद्धा और सुंदरता से गाने की उनकी कला को देखकर स्थानीय निवासी गर्व महसूस करते हैं। कस्बे के बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों का कहना है कि एमन की यह प्रतिभा केवल उनके परिवार का नहीं, बल्कि पूरे कस्बे का नाम रोशन कर रही है। एमन अंसारी का सपना संगीत की दुनिया में आगे बढ़कर एक सफल पार्श्व गायिका (प्लेबैक सिंगर) बनने का है। उनके पिता बदलू अंसारी और परिवार के अन्य सदस्य सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी के इस हुनर को निखारने में पूरा सहयोग दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस होनहार बच्ची को सही



मार्गदर्शन, बेहतर संगीत प्रशिक्षण और एक उचित मंच मिले, तो वह आने वाले समय में बड़े–बड़े मंचों पर अपने जिले और प्रदेश का परचम लहरा सकती है। क्षेत्रीय नागरिकों ने शासन–प्रशासन और सांस्तिक संस्थाओं से मांग की है कि ऐसी बाल प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाए ताकि आर्थिक या संसाधनों की कमी उनकी कला के रास्ते में बाधा न बने।

## पेंशनर्स जनसुनवाई से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर आयोजित पेंशनर्स जनसुनवाई में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का निस्तारण कराया गया। 21 अगस्त को संध्या संवाद कार्यक्रम में कर्मचारियों ने जीपीएफ व अन्य सेवा संबंधी देयों के लंबित भुगतान की शिकायत की थी।



मण्डलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संबंधित विभागों से कार्रवाई कराते हुए हरी प्रसाद वर्मा, भगौती प्रसाद, सुशील कुमार यादव, राज कुमार, जग प्रसाद सहित अन्य पात्र कर्मचारियों को कुल 27 लाख 1 हजार 616 रुपये का भुगतान कराया। मण्डलायुक्त ने पेंशन संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के पहले सोमवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सभी कार्यालयाध्यक्ष, आहरण–वितरण अधिकारियों को सुनवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही पिछले पांच वर्षों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देयों तथा आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची वरिष्ठ कोषाधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा गया है। भुगतान मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए मण्डलायुक्त और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## कटरा पुलिस ने अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर को दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरतार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 430 ग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार 21 अगस्त की रात करीब 11:03 बजे टीम कानून–व्यवस्था एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही



थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर हुलास नगला पुल से करीब 20 मीटर आगे कटरा क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 430 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान आकाश पुत्र प्रेमपाल, निवासी ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर, थाना बिसौली, जनपद बदायूं, उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में की है। बरामदगी के आधार पर थाना कटरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा थाना भमोरा, जनपद बरेली में दर्ज बताया गया है। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अफीम गोरखपुर से लेकर आया था और इसे बरेली में बस स्टैंड के पास किसी व्यक्ति को देने जा रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी अवैध रूप से अफीम की खरीद–फरोख्त कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने और उनकी भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार संख्या न्च्24ठत्6999 को भी कब्जे में लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सागर मानव, कांस्टेबल आशीष कुमार और कांस्टेबल योगेंद्र सिंह शामिल रहे।

## राजकीय सम्प्रेषण गृह से किशोर के पलायन की मजिस्टीरियल जांच शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) यूनिट–2 में संवासित किशोर आयुष शुक्ला उर्फ विशाल के जिला चिकित्सालय से पलायन के मामले की मजिस्टीरियल जांच शुरू कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर द्वारा इस पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने बताया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा पत्रांक 2082 21 अगस्त के माध्यम से घटना की जानकारी दी गई है। इसके अनुसार राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) यूनिट–2 में संवासित किशोर आयुष शुक्ला उर्फ विशाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय, मोती झील इटावा के आकस्मिक वार्ड में भर्ती कराया गया था। बताया गया कि 15 अगस्त की सुबह उपचार के दौरान किशोर शौचालय में लगी खिड़की से बाहर निकलकर पलायन कर गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश 20 अगस्त के अनुपालन में प्रकरण की मजिस्टीरियल जांच की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि इस घटना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के पास कोई जानकारी, बयान अथवा साक्ष्य हो, तो वह 29 अगस्त की सुबह 11 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान अथवा साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन ने घटना से संबंधित किसी भी जानकारी या साक्ष्य रखने वाले लोगों से निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होने की अपील की है।

## लेखपालों के धरने पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

### – बोले- भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जनता भी सड़क पर उतरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अयोध्या की सोहावल तहसील में लेखपाल के खिलाफ हुई कथित ट्रैप कार्रवाई के विरोध में मिहींपुरवा, पयागपुर, नानपारा समेत जिले की विभिन्न तहसीलों में लेखपालों ने कार्य बहिष्कार और धरना–प्रदर्शन किया। लेखपाल संघ ने ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायतों की निष्पक्ष प्रारंभिक जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। वहीं लेखपालों के आंदोलन पर कांग्रेस



के वरिष्ठ नेता विनय सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच और कार्रवाई का विरोध करने के बजाय लेखपाल संघ को अपनी कार्यशैली को पारदर्शी बनाने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूक जनता को भी अपने–अपने क्षेत्र में लेखपालों से जुड़ी भ्रष्टाचार की शिकायतों और समस्याओं को सामने लाकर उनके समाधान के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत गलत है तो निष्पक्ष जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी, लेकिन सामूहिक कार्य बहिष्कार के जरिए प्रशासन पर दबाव बनाना उचित नहीं है। जनता के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने पर भी उन्होंने चिंता जताई और प्रशासन से शिकायतों की निष्पक्ष जांच के साथ–साथ आम लोगों के काम प्रभावित न होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

## बहुजन समाज के लोग मिलकर बनाएंगे 2027 में सपा की सरकार- मिठाई लाल भारती

लखनऊ/विधानसभा मलिहाबाद, जिला लखनऊ में संविधान बचाओ पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम रॉयल गार्डन मोहन रोड में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान तथा आरक्षण को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी बहुजन समाज के कंधों पर हैं। भाजपा सरकार आरक्षण पर डाका डाल रही है ! बच्चों का भविष्य खतरे में है ! आने वाली पीढ़ी को बर्बाद करने की साजिश है ! उन्होंने बहुजन समाज से सावधान रहने की अपील की ! भाजपा सरकार बाबा साहब के विचारों को दबाना चाहती है ! उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश और देश की सरकार ने पूरी अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है। गरीब कमजोर समाज के छात्रों, नौजवानों को बेरोजगार कर दिया है ! शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है और छात्रों की



भविष्य भी खराब कर दिया है ! सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की कमी है, आज छात्र– छात्राएँ भी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है ! दिल्ली के जंतर मंतर पर जायज मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले छात्र व छात्राओं पर दिल्ली पुलिस लाठी चार्ज कर घायल कर दिया है ! आज कार्यक्रम में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया ! मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में संविधान खतरे में है दलित और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका का डाला जा रहा है उसे कमजोर किया जा रहा है पीडीए समाज की अगर कोई लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ रहा है तो वह माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी है सपा के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा कि संविधान ही संजीवनी है ! जिससे समाज को ताकत मिलती है ! सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सी एल वर्मा कहा कि भाजपा सरकार में जुल्म ज्यादती अत्याचार बड़े पैमाने पर हो रहा है ! सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू भारती सुदर्शन ने कहा कि बहुजन समाज 2027 के विधानसभा में पूरे प्रदेश में लामबंद होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा पीडीए समाज की एक जुटता ही संविधान की रक्षा है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्याय सी एल वर्मा, जिला महासचिव शब्बीर खान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया पूर्व प्रत्याशी विधानसभा राजबाला रावत, अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव सोनू भारती गिहार, राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी सनी रावत, आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे !

# 25 को लगेगा निःशुल्क वृहद् रोजगार मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूण्डला के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त को प्रातः 10 बजे से रामसिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, एटा रोड, टूण्डला में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश–प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फोटोध्आई०डी० व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।

# बलहा में कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन

## – बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अब्दुल हन्नान ने कहा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और सभी को प्रेम व भाईचारे की भावना बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की अपील की। संयोजक मोहम्मद फैसल ने गांव–गांव संवाद स्थापित कर कांग्रेस की नीतियां जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## रक्षाबंधन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

**भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-**

**गाड़ी सं. 02275/02276 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

**सूबेदारगंज सेः-** गाड़ी संख्या 02275, दिनांक 25, 28 एवं 30.08.2026
**शकूर बस्ती सेः-** गाड़ी संख्या 02276, दिनांक 26, 29 एवं 31.08.2026
**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 07 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 07

**गाड़ी सं. 04147/04148 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

**सूबेदारगंज सेः-** गाड़ी संख्या 04147, दिनांक 26.08.2026
**शकूर बस्ती सेः-** गाड़ी संख्या 04148, दिनांक 27.08.2026
**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 05, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 06 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

**गाड़ी सं. 04163/04164 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

**सूबेदारगंज सेः-** गाड़ी संख्या 04163, दिनांक 27.08.2026
**शकूर बस्ती सेः-** गाड़ी संख्या 04164, दिनांक 28.08.2026
**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच- 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

| गाड़ी सं.- 02275/04147/04163 सूबेदारगंज - शकूर बस्ती | | | गाड़ी सं.- 02276/04148/04164 शकूर बस्ती - सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:10 | सूबेदारगंज | 22:30 | ---- |
| 21:15 | 21:17 | फतेहपुर | 19:48 | 19:50 |
| 22:20 | 22:25 | कानपुर | 18:45 | 18:50 |
| 00:55 | 00:57 | इटावा | 16:38 | 16:40 |
| 02:20 | 02:22 | टूण्डला | 15:40 | 15:42 |
| 04:50 | 04:52 | अलीगढ़ | 14:10 | 14:12 |
| 08:15 | 08:25 | दिल्ली | 12:35 | 12:45 |
| 10:00 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 12:00 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1962/26 (A)


## आवश्यक सूचना

एलआईसी पॉलिसी बांड खो जाने के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की मूल पॉलिसी, जिसका पॉलिसी नंबर 206139450 है, कहीं खो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त पॉलिसी प्राप्त नहीं हो सकी है। पॉलिसीधारक का विवरण निम्नवत है– नाम : हिमांशु तिवारी पिता का नामः संतोष तिवारी पता : ग्राम/पोस्ट जमरावां, जनपद फतेहपुर–212654 पॉलिसी नंबर : 206139450 पॉलिसी प्रारंभ तिथि (DOC) – 28/05/2021 प्लान/टर्म : 914/18/18 यदि उक्त मूल पॉलिसी किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है अथवा इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) कार्यालय में संपर्क/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। सूचना कर्ता हिमांशु तिवारी पुत्र संतोष तिवारी ग्राम/पोस्ट जमरावां, जनपद फतेहपुर।






# संत रविदास जयंती पर निकली समरसता संकल्प यात्रा का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित समरसता संकल्प यात्रा के अंतर्गत शनिवार को सदर विधानसभा के दक्षिणी नगर क्षेत्र में पावन कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्वागत एवं पूजन किया गया। संत रविदास जी की आरती कर उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक समरसता एवं समानता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विक्रम सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानव सेवा की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। संत रविदास जी के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाना और उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला संयोजक राम सजीवन कोरी ने कहा कि जनपद में यह समरसता संकल्प यात्रा तीन अगस्त से निरंतर चल रही थी, जो जनपद की सभी छह विधानसभाओं के 23 मंडलों में पहुंची। प्रत्येक मंडल में यात्रा का स्थानीय नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत एवं पूजन किया गया। यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव और मानव कल्याण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाया गया। सदर विधानसभा के दक्षिणी नगर क्षेत्र में यात्रा के साथ ही समरसता संकल्प यात्रा का विधिवत समापन हुआ। सफल आयोजन के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा जिला संयोजक राम सजीवन कोरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा सफल आयोजन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही यात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समरसता संकल्प यात्रा का समापन संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने, सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समानता और समरसता को और अधिक मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।इस अवसर पर राम सजीवन कोरी, संतोष पटेल, अतीश पासवान, सुनील गुप्ता, जेपी सिंह, दिनेश गुप्ता नगर अध्यक्ष, अखिलेश चौहान, दयाशंकर गुप्ता, बच्चा तिवारी, अंकित मिश्रा, ज्ञाना पासवान, जसवंत गिहार, अभिषेक शुक्ला, इंद्रपाल पासवान, रामचंद्र, पंकज राजपूत, विमलेश, रमन द्विवेदी, अखिलेश, प्रभुदत्त दीक्षित, आलोक यादव, विमल, अंकित जायसवाल, आशू वर्मा शामिल रहे।



# 28 हॉटस्पॉट पर पुलिस का पहरा, अपराधियों की खैर नहीं

## - चोरी-छिनैती और लूट रोकने को एसपी ने कसी कमर

## - एक सप्ताह में बनेंगी अस्थायी पुलिस चौकियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चोरी, छिनैती और लूट की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने अब संवेदनशील इलाकों में अपना पहरा और मजबूत करने की तैयारी कर ली है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अपराध समीक्षा गोष्ठी में जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में 28 नट डेरा/कंजर डेरा हॉटस्पॉट चिन्हित कर वहां एक सप्ताह के भीतर अस्थायी पुलिस चौकी अथवा चेक पोस्ट स्थापित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इन स्थानों पर दिन–रात नियमित पुलिस गश्त के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाएगी। रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने चोरी, छिनैती और लूट की घटनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि चिन्हित हॉटस्पॉट पर पुलिस की सक्रियता ऐसी होनी चाहिए कि अपराध करने की फिराक में रहने वालों को पुलिस की मौजूदगी का एहसास लगातार बना रहे। एसपी ने निर्देश दिए कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों में केवल चोरी और लूट की घटनाओं पर ही नजर न रखी जाए, बल्कि अवैध शराब और गांजे की बिक्री व तस्करी, जुआ तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को भी पूरी तरह रोकने के लिए विशेष निगरानी की जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे और आवश्यक विधिक कार्रवाई करे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक हॉटस्पॉट पर नियमित गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को भी मजबूत किया जाए। किसी भी कीमत पर लापरवाही न बरती जाए और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जाए। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चिन्हित सभी 28 हॉटस्पॉट पर एक सप्ताह के अंदर अस्थायी पुलिस चौकी/चेक पोस्ट स्थापित की जाए। अपराध समीक्षा गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



# लखनऊ में गरजेगा ग्रापए, धरने का ऐलान

## - जिला बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला इकाई की अहम बैठक शनिवार को रुद्र सदन खंभापुर स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती व अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, अनुशासन और पत्रकार हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पदाधिकारियों की कम उपस्थिति पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि संगठन में निष्क्रियता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडल कमेटी के महामंत्री सुजान सिंह गौतम से उन्होंने कहा कि लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से संपर्क कर उनकी जवाबदेही तय की जाए। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश अपनी लंबित मांगों को लेकर जल्द ही लखनऊ मुख्यालय पर विशाल धरना–प्रदर्शन' करने जा रहा है। इस धरने में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के जिलाध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ शामिल होंगे। यह धरना संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष केके तिवारी कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारी व सदस्यों को चेतावनी देते हुए न सुधरने की हालत पर निष्कासित कर दिया जाएगा। इस दौरान नरेंद्र श्रीवास्तव, सुजान सिंह गौतम, जितेंद्र त्रिवेदी, सुरेश विष्वकर्मा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण पांडेय, चेतन बाजपेई, मनोज मिश्रा, अखिलेश कुमार, शेखर अवस्थी, सत्यम सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




# चालान के विरोध में हाईवे पर ट्रक चालकों ने लगाया जाम

## - बड़ौरी टोल प्लाजा के पास खड़े किए ट्रक, आधे घंटे तक थमा रहा यातायात

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कानपुर–प्रयागराज हाईवे पर चालान किए जाने के विरोध में शनिवार को ट्रक चालकों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के पास चालकों ने अपने ट्रकों को हाईवे पर आड़े–तिरछे खड़ा कर जाम लगा दिया। देखते ही देखते कई अन्य ट्रक चालक भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। जाम से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। ट्रक चालकों का आरोप है कि एआरटीओ विभाग की ओर से लगातार चालान किए जा रहे हैं। चालकों का कहना था कि कई मामलों में बिना उचित कारण बताए चालान कर दिया गया, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। शनिवार को इसी के विरोध में चालकों ने बड़ौरी टोल प्लाजा के पास अपने वाहन खड़े कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हाईवे पर अचानक ट्रकों के खड़े होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। दोनों तरफ वाहनों की कतार बढ़ने लगी और राहगीरों व अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे ट्रक चालकों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने चालकों से सड़क खाली करने की अपील करते हुए यातायात व्यवस्था बहाल कराने की कवायद शुरू की। काफी समझाने–बुझाने के बाद ट्रक चालकों ने अपने वाहन हाईवे से हटा लिए। इसके बाद धीरे–धीरे यातायात सामान्य हो सका। हालांकि करीब आधे घंटे तक हाईवे पर आवागमन प्रभावित रहा। ट्रक चालकों ने चेतावनी दी कि यदि चालान के नाम पर जबरन कार्रवाई का सिलसिला जारी रहा तो वे दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



# पुराने मॉडल के विचारों को त्यागकर नवीनता पूर्ण विचारों के कराएं नामांकन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फतेहपुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की एक कार्यशाला अरांव ब्लॉक के प्रधानाध्यपकों एवं शिक्षकों की



बीआरसी अरांव, सिरसागंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में आयोजित की गई। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के जिला सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने मॉडल जैसे सोलर मॉडल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोलिक लिट जैसे मॉडलों के विचारों को त्यागकर नवीनता पूर्ण विचारों का नामांकन कराएं। कार्यशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी अरांव नंद कुमार, ए आरपी सुभाष चन्द्र, सुधीर कुमार, मनोज यादव एवं अरांव ब्लॉक के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवैध असलहा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में



अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त शान मोहम्मद उर्फ शानू पुत्र मो0 शफीक निवासी लाल फाटक के सामने बडी छपैटी थाना दक्षिण को एक अवैध तंमचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित कन्हैया नगर रेलवे लाइन के किनार से गिरत्तार किया गया है।


## प्रयागराज-लालगढ़ जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस का परसनेऊ स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परसनेऊ स्टेशन पर **श्री बालाजी दादो जी महाराज हनुमान मेले** के अवसर पर निम्नलिखित **रेलगाड़ियों** का 02 मिनट अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. 12403 प्रयागराज-लालगढ़ जं. | | | गाड़ी सं. 12404 लालगढ़ जं.-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| 17:27 | 17:29 | परसनेऊ | 09:29 | 09:31 |
| प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथिः 31.08.26 एवं 01.09.26 | | | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथिः 01.09.26 एवं 02.09.26 | |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR 1947/26(MG)



## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दंपती घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग बाईपास एनएच–2 पर शनिवार की सुबह बाइक की टक्कर से दूसरी बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे दम्पत्ति घायल हो गये। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कानपुर नगर थाना नरवल गांव दलपतपुर निवासी कालीशंकर का 35 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार अपनी 28 वर्षीय पत्नी कमला देवी व एक साल की पुत्री वैष्णवी के साथ बाइक से कौशांबी जनपद के भरवारी रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही यह लोग नऊवाबाग एनएच–2 में पहुंचे तभी दूसरी बाइक की टक्कर से अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से जा टकरायी जिससे दंपती घायल हो गये हालांकि हादसे में मासूम बच्ची बाल–बाल बच गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल दम्पत्ति को उपचार के लिए लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## डीएम व एसपी ने गाजीपुर थाने में सुनीं फरियादें

### – थाना समाधान दिवस में 54 शिकायतों में छह का निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना समाधान दिवस पर शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना गाजीपुर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने



संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम–एसपी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और फरियादियों को समय से राहत दिलाई जाए। थाना समाधान दिवस में कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 42 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जबकि 12 शिकायतें पुलिस विभाग से जुड़ी थीं। प्राप्त शिकायतों में राजस्व टीम द्वारा चार प्रार्थना पत्रों तथा पुलिस से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय बनाकर मौके पर जाकर जांच की जाए तथा शिकायतकर्ता की समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उधर, जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों ने भी अपने–अपने थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण की कार्रवाई की।

## हाइड्रोजन टैंकर व कटेनर में भिड़ंत, चालक की मौत

*– टक्कर के बाद 200 मीटर तक घिसटता गया कंटेनर*

*– फायर ब्रिगेड ने संभाली स्थिति, पीएम को भेजा शव*

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र में कानपुर–प्रयागराज नेशनल हाईवे–2 पर शनिवार सुबह हाइड्रोजन टैंकर और सड़क किनारे खड़े कंटेनर ट्रक की भीषण टक्कर से हड़कंप मच गया। हादसा इतना जोरदार था कि कंटेनर करीब दो सौ मीटर तक सड़क पर



घिसटता चला गया। टक्कर के बाद हाइड्रोजन टैंकर का चालक क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस, ग्रामीणों और राहत टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन काटकर षव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह भारतपुर के पास प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रहा हाइड्रोजन टैंकर हाईवे किनारे खड़े कंटेनर ट्रक से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद टैंकर चालक केबिन में फंस गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और सीसी टीम प्रभारी सतीश पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। हाइड्रोजन से भरा टैंकर होने के कारण हादसे के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को देखते हुए फायर ब्रिगेड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा के जरूरी इंतजाम किए। काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त केबिन को काटकर चालक के षव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने लिखापढ़ी कर षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था को दोबारा सुचारू कराया।

# जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

## - शासन की प्राथमिकताओं व जनहित से जुड़ी योजनाओं को लेकर डीएम-एसपी ने ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शासन की प्राथमिकताओं व जनहित से जुड़ी योजनाओं को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम–एसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए और शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। बैठक में वंदन योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों के चयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत जिला स्टेयरिंग समिति की बैठक से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई।



अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और कार्यों में पारदर्शिता व प्रभावशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े प्रकरणों को लेकर डीएम और एसपी ने विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई के साथ पीड़ितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि पीड़ितों को सहायता और न्याय दिलाने में किसी तरह की देरी न हो। अधिकारियों को संवेदनशील मामलों की लगातार निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम डेशबोर्ड पर राजस्व विभाग को अगस्त माह में प्राप्त ग्रेड की भी समीक्षा की गई। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति में सुधार लाने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। डीएम–एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन और विभागों के बीच बेहतर समन्वय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

# डीएनए रिपोर्ट ने खोला कल्पना हत्याकांड का राज, दो गिरफ्तार

## - अपहरण के बाद गला दबाकर की थी हत्या, गंगा किनारे ठिकाने लगाया शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र में कल्पना देवी के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरतार किया है। लंबे समय से चल रही विवेचना में जुटाए गए वैज्ञानिक साक्ष्यों और डीएनए रिपोर्ट ने हत्याकांड की कड़ियां जोड़ दीं। पुलिस ने रंजीत सोनकर उर्फ लड्डू और वीरू सोनकर को गिरतार करने के साथ ही घटना में इस्तेमाल पिकअप वाहन भी बरामद किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामला 10 जनवरी का है। वीरेंद्र सोनकर की तहरीर पर थाना किशनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 08/2026 दर्ज किया गया था। शुरुआती मुकदमे में रंजीत सोनकर उर्फ लड्डू, संदीप सोनकर, वीरू सोनकर, अमर सोनकर और गेन्टू सोनकर को नामजद किया गया था। विवेचना आगे बढ़ने पर पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी की। पुलिस के मुताबिक, कल्पना देवी का अपहरण कर हत्या करने के



बाद शव को प्रतापगढ़ जिले के थाना मानिकपुर क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे छिपा दिया गया था। समय अधिक बीत जाने के कारण शव पूरी तरह नष्ट हो चुका था। इसके बाद पुलिस ने पूर्व में गिरतार अभियुक्त संदीप सोनकर की निशानदेही पर मृतका के अवशेषों से हड्डी और बाल बरामद किए। मृतका के माता–पिता के रक्त नमूने भी डीएनए परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला, फाफामऊ, प्रयागराज भेजे गए। विधि विज्ञान प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट में बरामद अवशेषों का डीएनए मृतका के माता–पिता के डीएनए से पूर्णतः मेल पाया गया। वैज्ञानिक साक्ष्य सामने आने के बाद पुलिस ने जेल में निरुद्ध संदीप सोनकर के सहअभियुक्त रंजीत सोनकर उर्फ लड्डू और वीरू सोनकर की तलाश तेज कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरतार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में रंजीत सोनकर ने बताया कि संदीप सोनकर पिकअप वाहन यूपी–71एटी/4370 से कल्पना को अपने साथ लेकर गौंदौर के पास गया था। पुलिस के अनुसार, वहीं उसका गला दबाकर हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए रंजीत और वीरू को फोन किया गया। सूचना मिलने पर वीरू मौके पर पहुंचा और दोनों ने मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिकअप को भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपी किशनपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर–1 पश्चिमी खटिकाना मदन टोल के निवासी हैं। गिरतार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 08/2026 में धारा 103(1), 140(1), 238 और 61(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र दूबे, कांस्टेबल अनुज राजपूत, कांस्टेबल कमलेश कुमार एवं महिला आरक्षी बबिता शामिल रहीं।

# खेत में मिला रोलर चालक अधेड़ का शव

## - दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा शव, पीएम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के अकबर खेड़ा गांव में शनिवार की सुबह खेत में अधेड़ रोलर चालक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव सड़क से करीब 25 मीटर दूर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शव की पहचान कराई और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी भेज दिया। प्रथम दृष्टया पुलिस आकस्मिक मौत मान रही है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। प्रधान विक्रमपुर गोरेलाल ने औंग थाना पुलिस को सूचना दी कि अकबर खेड़ा गांव के बाहर खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। इसी दौरान रामपुर गांव निवासी सचिन सिंह ने शव की पहचान अपने मामा राम सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम टेनी थाना खागा के रूप में की। बताया गया कि राम सिंह पिछले करीब दस वर्षों से रोलर चलाने का काम करते थे और अकबर खेड़ा से बीकमपुर तक बन रही सड़क पर रोलर चला रहे थे। निर्माणाधीन सड़क के पास ही स्थित एक ट्यूबवेल पर वह रहते थे। परिजनों के अनुसार राम सिंह अविवाहित थे और शराब के आदी होने के साथ बीमारी से भी परेशान चल रहे थे। मृतक के भतीजे रोहित सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर बताया कि राम सिंह करीब दस वर्षों से क्षेत्र में रहकर रोलर चलाने का काम कर रहे थे। कुछ दिनों से उनका पता नहीं चल रहा था। हालांकि परिजनों की ओर से किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए कोई स्पष्ट आरोप नहीं लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक औंग दिनेश कुमार शुक्ल के मुताबिक प्रथम .ष्टया मामला आकस्मिक मौत का प्रतीत हो रहा है। फील्ड यूनिट की जांच में शव पर किसी प्रकार के चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं।



शव को जंगली जानवरों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की बात भी सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही राम सिंह की मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।

# चकीवा गांव में गूंजा मेरा रेशम, मेरा अभिमान

### – एरी रेशम से किसानों को मिली नई उम्मीद

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हथगाम ब्लॉक के ग्राम चकीवा मजरा सिमारामऊ में शनिवार को मेरा रेशम, मेरा अभिमान 2.0 के तहत एरी रेशमकीट पालन पर प्रौद्योगिकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड–एरी अनुसंधान प्रसार केंद्र ने उत्तर प्रदेश रेशम विकास विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में किसानों को एरी रेशमकीट पालन की वैज्ञानिक एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 61 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मेरा रेशम, मेरा अभिमान के नारों से गांव गूंज उठा। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से एरी रेशमकीट पालन, उन्नत अरंडी उत्पादन, उसकी आर्थिक उपयोगिता, कीटाणुशोधन एवं स्वच्छता समेत व्यावसायिक स्तर पर एरी रेशमकीट पालन अपनाकर आमदनी बढ़ाने के उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसबी/ईआरईसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डीके जिज्ञासु ने की। वहीं रेशम विकास विभाग उत्तर प्रदेश के एसडीओ एसपी निगम सहित विमल सक्सेना, राजनारायण एवं राम जीवन ने किसानों को एरी रेशमकीट पालन की उन्नत तकनीकों और उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से एरी रेशमकीट पालन को अपनाकर कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही अरंडी की उन्नत खेती और एरी रेशम के व्यवसायिक उत्पादन से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए गांव में एरी रेशम के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने गांव को प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित किए जाने पर केंद्रीय रेशम बोर्ड और उत्तर प्रदेश रेशम विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

## टीबी जांच लैब का ताला तोड़कर माइक्रोस्कोप चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में चोरों ने टीबी जांच केंद्र को निशाना बनाते हुए वहां रखा महंगा माइक्रोस्कोप चोरी कर लिया। चोरी गए उपकरण की कीमत करीब एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना गुरुवार देर रात की बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में टीबी जांच के लिए संचालित लैब का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद लैब में रखा माइक्रोस्कोप लेकर फरार हो गए। शुक्रवार को जब स्वास्थ्य कर्मियों को लैब का ताला टूटा मिला और अंदर से महत्वपूर्ण उपकरण गायब मिला तो हड़कंप मच गया। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा संचालित होती है। यहां डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी रहती है। इसके बावजूद चोरों ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित टीबी जांच लैब का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दे दिया। घटना से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले की जानकारी तत्काल स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन की ओर से पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही चोरी की घटना में शामिल लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के लिए माइक्रोस्कोप महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसके माध्यम से टीबी सहित अन्य जांचों में मदद मिलती है। उपकरण चोरी होने से मरीजों की जांच प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की जांच के बाद ही चोरी की घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा हो सकेगा। कस्बा इंचार्ज गिरीशधर दुबे ने बताया कि कर्मचार्यो से जानकारी ली जा रही है।

## वीडियो बनाने का जुनून पड़ा भारी, तालाब में डूबकर युवक की मौत

### – पक्का तालाब में पहले बनाया वीडियो, फिर दोबारा पानी में उतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने का जुनून एक 18 वर्षीय युवक की जिंदगी पर भारी पड़ गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब में वीडियो बनाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से हमांशु की मौत हो गई। युवक पहले तालाब के बीच तक जाकर वीडियो बना रहा था। वीडियो बनाने के बाद वह बाहर आया और कुछ देर अपने बनाए वीडियो को देखने के बाद दोबारा तालाब में उतर गया। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमांशु वीडियो बनाने के लिए तालाब में काफी अंदर तक चला गया था। बाहर निकलने के बाद वह अपने मोबाइल में वीडियो देखने लगा। कुछ देर बाद वह फिर तालाब में चला गया। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण अचानक वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। युवक को डूबता देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया और तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद करीब 30 मिनट की तलाश के बाद दो युवकों ने तालाब के पानी से हमांशु को बाहर निकाला। तब तक उसकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। परिजन और स्थानीय लोग आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद पक्का तालाब पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

## चोरी का खुलासा, शातिर युवक गिरफ्तार

### – पांच पीतल के घंटे, 2100 रुपये व कटर बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरतार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए पांच पीतल के घंटे, 2100 रुपये नकद और एक कटर बरामद किया है। गिरतार आरोपित के खिलाफ चांदपुर थाने में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 21 अगस्त को चांदपुर थाना क्षेत्र के पिसौर निवासी जसौदा देवी की तहरीरी सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 158/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस के तहत



अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने जांच शुरू की। चांदपुर पुलिस ने मुकदमे में प्रकाश में आए लल्लू पुत्र मुन्ना, निवासी ग्राम तफनी/तपनी थाना खागा हाल पता ग्राम सरहन बुजुर्ग थाना चांदपुर को गिरतार किया। उसके कब्जे से चोरी के पांच पीतल के घंटे, 2100 रुपये नकद और एक कटर बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक गिरतार आरोपित को 22 अगस्त को न्यायालय में पेश किया गया। उसके खिलाफ चांदपुर थाने में पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं और वर्तमान मुकदमा भी उसके आपराधिक इतिहास में शामिल किया गया है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी पिसौर अंकुश यादव, कांस्टेबल सुधीर, रिजर्व कांस्टेबल सत्यम सिंह और रिजर्व कांस्टेबल आयुष सिंह शामिल रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )